श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 293, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 19 नवंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# चीन की सीमा और होगी सुरक्षित: फ्रंटियर हाईवे बनेगा

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार चीन के मंसूबों को स्थायी तौर पर काउंटर करने के लिए पूर्वोत्तर में 40 हजार करोड़ रुपए की लागत से फ्रंटियर हाईवे बनाने जा रही है। करीब 2 हजार किलोमीटर लंबा यह हाईवे अरुणाचल प्रदेश की लाइफ लाइन और चीन के सामने भारत की स्थायी ग्राउंड पोजिशन लाइन भी साबित करेगा। सामरिक महत्व की बात करें तो यह भारत-तिब्बत के बीच खींची गई सीमा रेखा मैकमोहन लाइन से होकर गुजरेगा। अंग्रेजों के विदेश सचिव हेनरी मैकमोहन ने इसे सीमा के तौर पर पेश किया था और भारत इसे ही असली सीमा मानता है जबकि चीन खारिज करता रहा है। इस हाइवे का निर्माण सीमा सड़क संगठन और नेशनल हाईवे अथॉरिटी मिलकर करेंगे। सेना लॉजिस्टिक सपोर्ट देगी। फ्रंटियर हाईवे तवांग के बाद ईस्ट कामेंग, वेस्ट सियांग, देसाली, दोंग और हवाई के बाद म्यांमार तक जाएगा। अरुणाचल प्रदेश मे दो नेशनल हाईवे पहले से है- ट्रांस अरुणाचल हाईवे और ईस्ट-वेस्ट इंडस्ट्रियल कॉरिडोर। इस तीसरे हाईवे के साथ राज्य के सभी कॉरिडोर आपस में मिल जाएंगे। इससे दूर के इलाकों तक रोड कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी।

### ये होगा फायदा

- चीन ही नहीं, म्यांमार की सीमा भी सुरक्षित होगी।
- सीमाई क्षेत्र से पलायन रोकने में मदद मिलेगी।
- हाईवे के इर्दगिर्द वाइब्रेंट विलेज विकसित होने से उन भुतहा गांवों पर नजर रखी जा सकेगी, जिन्हें चीन बसा रहा है।
- मैकमोहन लाइन से गुजरेगा, बीआरओ -अथॉरिटी बनाएगा



**पूरे अरुणाचल को जोड़ेगा:** यह हाईवे अरुणाचल के सभी अहम सामरिक क्षेत्रों को कनेक्ट करेगा। इसमें तवांग की के मागो-थिंगबू को विजयनगर से होते हुए अपर सुबनसिरी, दिबांग घाटी, छागलागाम और किबिथू के बीच हाईवे कनेक्टिविटी दी जाएगी।

**भारत ने पैंगोंग झील में नया लैंडिंग शिप और स्पीडबोट्स तैनात किए:** सेना ने पूर्वी लद्दाख में पैंगोंग त्सो झील पर गश्त के लिए नए लैंडिंग शिप और स्पीड बोट तैनात किए हैं। इससे 14 हजार फीट की ऊंचाई पर चीन सीमा से लगे लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल पर स्थित झील में भारतीय सेना की निगरानी और गश्ती ताकत बढ़ गई है। यह इस क्षेत्र में चीन की सेना एलएसी की तैनाती को लेकर जवाबी तैयारी है। 2020 में इस क्षेत्र में चीनी सेना की गतिविधियों के बढ़ने के बाद भारत ने यहां अपनी सेना की क्षमता बढ़ाने और बुनियादी ढांचे के विकास का हिस्सा है। नए लैंडिंग क्राफ्ट को पाकिस्तान के सामने गुजरात के सर क्रीक में भी तैनात किया गया है। लैंडिंग क्राफ्ट 35 सैनिकों या एक जीप और 12 कर्मियों को ले जाने में सक्षम है, जबकि स्पीड बोट्स 35 समुद्री मील (65 किमी) प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती हैं। 2021 की शुरूआत में सेना ने लैंडिंग शिप और स्पीड बोट्स के लिए दो करार किए गए थे। 2021 की दूसरी छमाही में इन्हें सेना को सौंप दिया गया था।

**जी20 की बैठकें पूर्वोतर में भी होंगी, पर्यटन को भी मिलेगा बढ़ावा:** भारत जी20 की कुछ बैठकें पूर्वोत्तर क्षेत्र में भी करेगा ताकि पर्यटन को बढ़ावा मिले। एक बैठक मिजोरम की राजधानी आइजोल में भी होगी। आइजोल में अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मार्ट 2022 के उद्घाटन के दौरान केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा कि सरकार ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए एक पर्यटन कार्यबल गठित करने का फैसला लिया है। पूर्वोत्तर क्षेत्र में राजमार्गों के किनारे 100 व्यू प्वाइंट बनाए जाएंगे।

'आतंकवाद को समर्थन देने वाले नेटवर्क और उसका वित्त पोषण करने वाले स्रोतों पर सीधा प्रहार करना होगा'

# 'आतंक पर साझा कार्रवाई जरूरी'

- **आतंकवाद को फंडिंग आतंकी घटनाओं से कहीं अधिक खतरनाक है। इन आतंकी खतरे को किसी धर्म, राष्ट्रीयता या समूह से नहीं जोड़ा जा सकता है**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को आतंकवाद पर एक सुर और एक कदम ताल के साथ सीधा प्रहार करने का वैश्विक आह्वान करते हुए कहा कि युद्ध न होना शांति का प्रतीक नहीं है बल्कि छद्म युद्ध ज्यादा खतरनाक है। उन्होंने कहा कि कुछ देश विचारधारा के हिस्से के रूप में आतंकवाद को समर्थन दे रहे हैं। ऐसे देशों के खिलाफ विश्व को एकजुट होकर कार्रवाई करनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज होटल ताज पैलेस (नई दिल्ली) में आतंकवाद-रोधी वित्तपोषण पर तीसरे आतंक के लिए कोई धन नहीं ('नो मनी फॉर टेरर' एनएमएफटी) मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में उद्घाटन भाषण दिया। इस वैश्विक सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने आतंकवाद पर एकजुट होकर कार्रवाई करने के महत्व को रेखांकित किया। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने के प्रयासों में चीन की रुकावट पर भी प्रधानमंत्री ने परोक्ष हमला किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि कभी-कभी आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई को रोकने के लिए आतंकवाद के समर्थन में अप्रत्यक्ष कारण दिए जाते हैं। इस तरह के ढुलमुल रवैये की वैश्विक खतरे से निपटने के दौरान कोई जगह नहीं होनी चाहिए। आतंक को लेकर कुछ गलत धारणाओं के कारण सामूहिक प्रयासों पर आ रही बाधाओं का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसके खतरे के बारे में दुनिया में किसी को याद दिलाने की जरूरत नहीं होनी चाहिए। सभी तरह के आतंकी हमलों की एक साथ ऊंचे स्वर में निंदा और कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। आतंकवादी हमला कहां होता है इस पर हमारी प्रतिक्रिया आधारित नहीं होनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा-एक समान, एकीकृत और जीरो टॉलरेंस के दृष्टिकोण के साथ ही आतंकवाद को हराया जा सकता है।

प्रधानमंत्री ने आतंकवाद से निपटने के उपाय पर भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि इसके लिए आगे बढ़कर बड़े स्तर पर और चरणबद्ध तरीके से काम करना होगा। हमें आतंकवाद को समर्थन देने वाले नेटवर्क और उसका वित्त पोषण करने वाले स्रोतों पर सीधा प्रहार करना होगा।



### 'आतंकवादियों को वित्त से वंचित करने करने की जरूरत'

**उल्लेखनीय** है कि दो दिवसीय सम्मेलन में कई देशों का प्रतिनिधित्व है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान को इस सम्मेलन से दूर रखा गया है। 18-19 नवंबर को आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन भाग लेने वाले देशों और संगठनों को आतंकवाद-रोधी वित्तपोषण पर मौजूदा अंतरराष्ट्रीय शासन की प्रभावशीलता के साथ-साथ उभरती चुनौतियों के समाधान हेतु आवश्यक कदमों पर विचार-विमर्श करने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करेगा। यह सम्मेलन पिछले दो सम्मेलनों (अप्रैल 2018 में पेरिस में और नवंबर 2019 में मेलबर्न में आयोजित) के अनुभव और सीख पर आगे बढ़ेगा और आतंकवादियों को वित्त से वंचित करने और अपनी कार्ययोजनाओं को संचालित करने के क्रम में अनुमति प्राप्त अधिकार क्षेत्र तक पहुंच सुविधा के लिए वैश्विक सहयोग बढ़ाने की दिशा में विचार-विमर्श करेगा।

### हमें समाधान की ओर अग्रसर होना होगा: मोदी

**प्रधानमंत्री** ने इस दौरान आतंकवाद के तौर-तरीकों में आ रहे बदलावों का भी विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि लगातार विकसित होती तकनीक चुनौती और समाधान दोनों हैं। हमें समाधान की ओर अग्रसर होना होगा। भारत विश्व के आतंकवाद को पहचानने से पहले इसके स्याह चेहरे से रूबरू हो चुका था। अलग-अलग रूपों में आतंकवाद ने भारत को नुकसान पहुंचाया जिसमें हमने हजारों कीमती जान गंवाई लेकिन भारत ने आतंकवाद का कड़ाई से सामना किया है। हमारे लिए हर जान कीमती है। हम आतंकवाद के खात्मे से पहले तक नहीं रुकेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि लंबे समय तक आतंकवाद का दंश गरीब और स्थानीय अर्थव्यवस्था को झेलना पड़ता है। सम्मेलन की शुरूआत करते हुए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के डीजी दिनकर गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति और उसके लिए दिए गए मजबूत और दृढ़ नेतृत्व के साथ-साथ पूरे सरकार के दृष्टिकोण ने देश के सुरक्षा परिदृश्य में महत्वपूर्ण बदलाव लाया है। पिछले साढ़े आठ वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत में आतंकवादी गतिविधियों में उल्लेखनीय कमी आई है। इस अवधि के दौरान भारत पर आतंकवाद के समग्र आर्थिक प्रभाव में भी बड़ी कमी आई है। उल्लेखनीय है कि दो दिवसीय सम्मेलन में कई देशों का प्रतिनिधित्व है।

# जबरन धर्मांतरण पर सीएम योगी सख्त



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश में जबरन धर्मांतरण पर बेहद सख्त हैं। प्रदेश में अब तक 291 मामले दर्ज किए गए हैं। इस दौरान 507 से ज्यादा आरोपितों की गिरफ्तारीहुई है। यह योगी सरकार की अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का ही परिणाम है। इनमें से 150 मामलों में पीड़िताओं ने कोर्ट के सामने जबरदस्ती धर्म बदलवाने की बात कबूली है। नाबालिग लड़कियों के धर्मांतरण के मामले में अब तक 59 मामले दर्ज किए गए हैं। बरेली जिला में अब तक धर्मांतरण के सबसे अधिक मामले दर्ज हुए हैं। प्रदेश में दिव्यांग बच्चों का धर्मांतरण कराने वाले रैकेट का भी खुलासा हो चुका है। प्रदेश में 27 नवंबर, 2020 को गैरकानूनी धार्मिक रूपांतरण निषेध कानून लागू किया गया था। इस कानून के तहत दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति को अपराध की गंभीरता के आधार पर 10 साल तक की जेल का प्रावधान है। कानून में जुमार्ने की राशि 15 हजार से 50 हजार रुपये तक है। अंतर-धार्मिक विवाह करने वाले जोड़ों को शादी करने से दो महीने पहले जिला मजिस्ट्रेट को सूचित करना होता है। ऐसा नहीं करने पर जबरन धर्मांतरण माना जाता है।

### गैंगस्टर टीनू को गुपचुप तरीके से लाया गया मोहाली

**चंडीगढ़:** पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में शामिल गैंगस्टर दीपक टीनू को फर्जी पासपोर्ट के एक मामले में पुलिस 17 नवंबर को गुपचुप तरीके से मोहाली लाई है। पुलिस ने टीनू को कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिए उसके रिमांड की मांग की। कोर्ट ने टीनू को 25 नवंबर तक रिमांड पर भेजा है। पुलिस टीनू से फर्जी पासपोर्ट मामले समेत अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ कर रही है। टीनू का फर्जी पासपोर्ट किसने बनवाया, पुलिस यह पता लगाने सहित उसके अन्य फरार साथियों बारे भी पूछताछ कर रही है।

# केजरीवाल-एलजी के बीच नई लड़ाई

### एलजी ने डीडीए उपाध्यक्ष को बर्खास्त किया



**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना ने केजरीवाल सरकार द्वारा गठित दिल्ली डायलॉग कमीशन के उपाध्यक्ष जैस्मीन शाह को मिलने वाली सरकारी सेवाओं पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के आदेश जारी किया है। उनका दफ्तर भी बंद कर दिया गया है। उन्हें मिलने वाली सरकारी गाड़ी, मेन पावर और स्टाफ सुविधा भी बंद करने को कहा है। एलजी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से जैस्मीन शाह को डीडीसी के उपाध्यक्ष के पद से हटाने के लिए कहा है, क्योंकि उन्होंने अपने कार्यालय का राजनीतिक उद्देश्यों के लिए दुरुपयोग किया था। सत्ता में आने के बाद केजरीवाल सरकार द्वारा गठित दिल्ली डायलॉग कमीशन को सरकार अपना थिंकटैंक मानती है। जनहित से जुड़ी योजनाओं को तैयार करने और उसे लागू करने की जिम्मेदारी सरकार ने डीडीसी को दे रखी है। वर्ष 2018 में उन्होंने अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। उसके बाद जैस्मिन शाह को उपाध्यक्ष बनाया गया। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने ट्वीट करके कहा- जैस्मीन के ऑफिस पर एलजी ने आप का प्रवक्ता होने का आरोप लगाते हुए ताला लगा दिया है। फिर संबित पात्रा, जो आईटीडीसी के अध्यक्ष हैं, के कार्यालय को भी सील कर दिया जाना चाहिए क्योंकि वह भाजपा के प्रवक्ता हैं। उल्लेखनीय है कि दिल्ली का संवाद और विकास आयोग (डीडीसी) दिल्ली सरकार का थिंक टैंक है, जो सरकार को दिल्ली के सामने आने वाली महत्वपूर्ण विकास चुनौतियों का स्थाई, जन केंद्रित समाधान खोजने की सलाह देता है।


# श्रद्धा के चेहरे पर चोटों की पहली तस्वीर, आफताब ने पीटा था



**नई दिल्ली:** श्रद्धा मर्डर केस में एक तस्वीर सामने आई है। फोटो में श्रद्धा के चेहरे पर चोटों के निशान नजर आ रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक ये फोटो श्रद्धा के एक दोस्त ने शेयर की है। उसने दावा किया है कि 2 साल पहले दिसंबर 2020 में आफताब ने श्रद्धा को बेरहमी से पीटा था। उसके बाद श्रद्धा को ये चोटें आई थीं। दोनों 2019 से रिलेशन में थे। 28 साल के आफताब ने 18 मई को श्रद्धा का मर्डर किया था और उसके 35 टुकड़े कर जंगल में फेंके थे। लगातार चौथे दिन पुलिस महरौली के जंगलों में श्रद्धा के बॉडी पार्ट्स तलाशी। आफताब ने पुलिस पूछताछ में कुबूल किया है कि उसने पहचान छिपाने के लिए श्रद्धा का चेहरा जला दिया था। पुलिस को अब तक 13 टुकड़े मिले हैं। इनकी फोरेंसिक और डीएनए जांच होगी।

# संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान का झूठ का हुआ पर्दाफाश, भारत ने लगाई कड़ी फटकार

**न्यूयार्क।** पाकिस्तान हर अंतरराष्ट्रीय मंच पर कश्मीर मसले पर झूठ बोलता रहता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में भी पाकिस्तान ने कश्मीर मसले पर झूठ बोला, तो भारत ने उसे उजागर करते हुए जोरदार फटकार लगाई। संयुक्त राष्ट्र महासभा में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों को लेकर चर्चा चल रही थी। उसी चर्चा के दौरान पाकिस्तान के एक प्रतिनिधि ने जम्मू-कश्मीर का मसला उठा दिया। इस पर भारत की ओर से तीव्र प्रतिक्रिया व्यक्त की गयी। इस मसले पर जवाब देते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत के स्थायी मिशन प्रतीक माथुर ने पाकिस्तान की इस कोशिश को झूठ फैलाने का हताश प्रयास करार दिया। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा में दुनिया के तमाम देश संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों पर चर्चा के लिए जुटे थे, तभी पाकिस्तानी प्रतिनिधि ने फिर से जम्मू-कश्मीर का बेफिजूल संदर्भ उठा दिया। इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है, भले ही पाकिस्तान का प्रतिनिधि कुछ भी मानता हो। उन्होंने कहा कि झूठ फैलाने के हताश पाकिस्तानी प्रयास और बहुपक्षीय मंचों का दुरुपयोग करने की बुरी आदत वास्तव में सामूहिक अवमानना है। इससे पहले भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान की सदस्यता वाले चार देशों के समूह जी-4 ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को चेतावनी दी थी कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार को जितना टाला जाएगा।




### उदयपुर रेलवे ब्रिज ब्लास्ट केस में बड़ा खुलासा

# जमीन अधिग्रहण में मुआवजा कम मिलने पर रची साजिश

**जयपुर:** उदयपुर रेलवे ब्रिज पर ब्लास्ट करने के मामले में एटीएस ने गुरुवार को चौंकाने वाला खुलासा किया। रेलवे ट्रैक के लिए जमीन अधिग्रहण का मुआवजा कम मिलने के कारण यह साजिश रची गई थी। इस मामले में एक नाबालिग सहित 4 लोगों को हिरासत में लिया गया है। इसमें विस्फोटक बेचने वाला भी शामिल है। इनसे पूछताछ में कई और अहम जानकारियां सामने आने वाली हैं। एटीएस-एसओजी एडीजी अशोक राठौड़ ने जयपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ब्लास्ट मामले से संबंधित अहम जानकारी दी। उन्होंने कहा- धूलचंद मीणा (32), प्रकाश मीणा (18) और एक 17 साल के लड़के को पकड़ा गया है। तीनों उदयपुर के जावर माइंस के एकलिंगपुरा के रहने वाले हैं। विस्फोटक बेचने वाले अंकुश सुवालका को भी हिरासत में लिया गया है। अंकुश के पिता बिहारीलाल सुवालका की विस्फोटक बेचने की दुकान है। अभी तक की पूछताछ में आरोपियों ने कहा है कि उनका उद्देश्य जनहानि का नहीं था। डूंगरपुर में मिली जिलेटिन की छड़ का इस घटना से कोई कनेक्शन नहीं है।



**ट्रेन निकलने के बाद लगाया विस्फोटक:** एडीजी राठौड़ ने बताया कि आरोपियों ने ट्रेन निकलने के बाद विस्फोटक लगाया गया था। इससे साफ होता है कि जनहानि की मंशा नहीं थी। विस्फोटक लगाने के बाद तीनों बाइक से निकल गए थे। ब्लास्ट के लिए विस्फोटक धोलकी पाटी इलाके में अंकुश सुवालका से लिया गया था।

# ट्विटर से सैकड़ों कर्मचारियों का इस्तीफा

**नई दिल्ली:** ट्विटर से गुरुवार को सैकड़ों कर्मचारियों ने इस्तीफा दे दिया। इस्तीफे ट्विटर के नए बॉस एलन मस्क के उस फरमान के बाद हुए हैं, जिसमें उन्होंने चेतावनी दी थी कि ज्यादा देर तक काम के लिए तैयार रहो या कंपनी छोड़ो। इन इस्तीफों के बाद सोशल मीडिया पर ट्विटर के सैन फ्रांसिस्को हेडक्वार्टर के वीडियो वायरल होने लगे हैं। ऑफिस के इलेक्ट्रॉनिक बिल बोर्ड पर एलन मस्क को तानाशाह, परजीवी, पागल और अहंकारी लिखा गया। कितने इम्प्लॉइज ने इस्तीफा दिया है, ये अब तक साफ नहीं है। कुछ कर्मचारियों ने अपने इस्तीफे देने की बात सोशल मीडिया पर शेयर की। ट्विटर के नए बॉस एलन मस्क ने इन इस्तीफों पर कहा कि मुझे कोई फिक्र नही है। जो बेस्ट इम्प्लॉई हैं, वो नहीं गए हैं। दरअसल, एक रिपोर्ट के अनुसार, मस्क ने एम्पलॉइज को कंपनी में बने रहने के लिए ईमेल भेजकर एक अल्टीमेटम दिया है। इसमें कर्मचारियों से कहा गया है कि कंपनी की शर्तों के अनुसार काम करना होगा। नहीं तो इस्तीफा सौंप दीजिए।



# मेजा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने महेंद्र दुबे व चन्द्रमणि तिवारी मंत्री हुऐ निर्वाचित हुए

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा रोड।** मेजा बार एसोसिएशन चुनाव में महेंद्र दुबे अध्यक्ष व चन्द्रमणि तिवारी मंत्री निर्वाचित हुए। बता दें कि मेजा बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद पर मुकाबले मे 317 मत पाकर महेंद्र दुबे अध्यक्ष और मंत्री पद पर चन्द्रमणि शुक्ला 290 मत पाकर विजयी हुए। शुक्रवार शाम करीब सात बजे आए परिणाम मे महेंद्र दुबे ने 317 वोट पाकर देवानंद को 52 वोटों से हराया।वहीं



मंत्री पद के चन्द्रमणि शुक्ला ने 290 मत पाकर दुसरे नंबर पर रहे अतुल वैभव द्विवेद्वी को 80 मतों से हराया। जबकि अन्य पदों पर निर्विरोध पदाधिकारी निर्वाचित हुए। तहसील परिसर मे विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों ने जश्न मनाया। मेजा बार एसोसिएशन के चुनाव मे अध्यक्ष पद के लिए महेंद्र दुबे, श्रीकान्त तिवारी, देवानंद सिंह व रामेश्वर मिश्रा ने दावेदारी की थी। वहीं मंत्री पद के लिए चन्द्रमणि शुक्ला, उमाशंकर पाठक, अतुल वैभव द्विवेदी, प्रभाकर श्रीवास्तव, आनन्द श्रीवास्तव व कामेश्वर पटेल ने ताल ठोंकी थी। बाकी के पदों पर निर्विरोध पदाधिकारी निर्वाचित हुए हैं।

## क्षत्रिय महासभा के महासचिव का रस्तीपुर खखैचा गांव में भव्य स्वागत

**जंघई।** वरिष्ठ समाजसेवी सुरेंद्र प्रताप सिंह के निवास रस्तीपुर खखैचा गांव चंदेल परिवार में एनसीपी के वरिष्ठ नेता एवं क्षत्रिय महासभा के महासचिव अखिलेश सिंह का भव्य स्वागत किया गया।इस अवसर पर बृजराज सिंह, जितेंद्र सिंह, जनराज सिंह, पिंटू सिंह, मुन्ना चौबे, रामेश्वर तिवारी, राजा सिंह, अरविंद सिंह, विशाल सिंह, मुन्ना सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# जंघई: बच्चों को संस्कार अवश्य दें, ताकि वह बुढ़ापे में अपने माता पिता की सेवा कर सकें- श्रीधराचार्य महाराज

**अखंड भारत संदेश**



**जंघई।** आशीर्वाद गेस्टहाऊस में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। कथा के तीसरे दिन कथा व्यास रामानुजाचार्य श्रीधराचार्य महाराज ने ध्रुव चरित्र, भक्त प्रह्लाद चरित्र और नरसिंह अवतार प्रसंग पर कथा सुनाई। महाराज ने कहा कि मनुष्य को दिखावा न करते हुए भगवान को सच्चे हृदय से याद करना चाहिए।उन्होंने कहा कि राजा उत्तानुपाद के दो पत्नियों में एक का नाम सुनीति और दूसरी का नाम सुरुचि था सुरुचि के कहने पर उत्तानुपाद ने सुनीति को जंगल भेज दिया था। एक दिन सुनीति का पुत्र खेलते-खेलते राज दरबार जा पहुंचा और उत्तानुपाद की गोदी में बैठ गया सुरुचि ने उसे फटकारते हुए गोद से उतार कर भगा दिया। इससे दुखी बालक ध्रुव जगंल में तपस्या करने लगा।भीषण बारिश और आंधी, तूफान भी उसे डिगा नहीं सके नारद मुनि के समझाने पर भी ध्रुव ने तपस्या नहीं छोड़ी। कठिन तपस्या देख भगवान ध्रुव के सामने प्रकट हुए और उन्हें ब्रह्मांड में अटल पदवी दी। आज भी ध्रुव तारा अपने स्थान पर अटल रहते हुए चमक बिखेरता है। महाराज ने कहा कि भागवत कथा सही मार्ग दिखाता है, भक्ति करनी है तो ध्रुव और भक्त प्रहलाद जैसी करो भगवान ने प्रहलाद के लिए अवतार लेकर हिरण्कश्यप का वध किया था। बुढ़ापे में अपने माता पिता की सेवा कर सकें, गो सेवा, साधु की सेवा कर सकें।कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे, अंत में आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।इस अवसर पर मुख्य यजमान रामेश्वर प्रसाद ऊमरवैश्य, मीरा देवी, मनोज कुमार, मनीष कुमार, आशीष कुमार, पवन कुमार, कृष्ण कुमार, कामता प्रसाद, राधेश्याम तिवारी, शिवधारी दुबे, मिलन दुबे, राजू भाईसाहब, मनोज दुबे, प्रदीप कुमार, महेंद्र जायसवाल, धर्मराज तिवारी, विवेक कुमार जायसवाल, राजन जायसवाल, सुभाष चन्द्र गुप्ता, सचिन सिंह, भरत लाल, कान्हा, किशन, शिवांश, शिवाय, कार्तिक, सावन, शुभ, श्रेयांश, श्याम सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# निशुल्क नेत्र शिविर में 145 मरीजों ने करवाई जांच

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** न्यू छाया मेडिकल स्टोर के बैनर तले शुक्रवार को निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 145 नेत्र रोगियों ने आंखों की जांच करवाई। इस दौरान आए कुल 145 मरीजों में से 23 रोगियों को मोतियाबिंद के आपरेशन के लिए सलाह दी गई। इसके अलावा 18 रोगियों को चश्मा टेस्ट करवाया गया। इस दौरान आयुष्मान कार्डधारकों की भी जांच की गई। इस शिविर में कुल 35 नेत्र रोगियों को आपरेशन की सलाह दी गई।

छाया मेडिकल स्टोर के संचालक रोहित केसरवानी व अजय केसरवानी ने संयुक्त रूप



से बताया कि इस नेत्र शिविर में कई नेत्र विशेषज्ञों के द्वारा लोगों के आंखों की जांच की गई। जिसमें लोगों को नियमित रूप से आंख की सफाई व समय-समय पर आंख की जांच करवाने की सलाह दी गई। पूर्वाह्न दस बजे सेदोपहर दो बजे तकचले इस शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डा. सौरभ वर्मा व उनकी टीम के द्वारा नेत्र रोगियों कीजांच की गई। नेत्र शिविर को संपन्न करवाने में डा. अभिषेक सिंह, डा. बीके शर्मा, सूरज, फूलचंद्र यादव, भाग्यचंद्र नायक ने भी सराहनीय सहयोग किया।

# विद्यालय शिक्षा का एक मंदिर है छात्र शिक्षा ग्रहण कर राष्ट्र निर्माण में लौ जलाते हैं -रजनी तिवारी

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** विद्यालय शिक्षा का मंदिर होता है। हमारे शिक्षक शिक्षा की लौ जलाते हैं। और बच्चे इस लौ के प्रकाश को राष्ट्र के निर्माण व संस्कार में प्रकाशित करते हैं । जिस प्रकार से माता-पिता अपने बच्चों के संस्कार के सहित आगे बढ़ता देखकर प्रसन्न होता है । उसी प्रकार शिक्षक भी शिष्य को आगे निकलता देख बहुत प्रसन्न होता है। उन्होंने सरकार की ओर से चलाई जा रही राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विषय में लोगों को जानकारी दी कि इस शिक्षा के तहत संस्कार और रोजगार परक शिक्षा लोगों में मुहैया कराई जा रही है। उक्त बातें प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने करछना तहसील क्षेत्र के बी एम जी डिग्री कॉलेज बघेडा में



आयोजित वार्षिकोत्सव एवं स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में शुक्रवार को कहीं उन्होंने स्नातक कक्षाओं के अंतिम वर्ष के 237 छात्र-छात्राओं में स्मार्टफोन का वितरण भी किया। मुख्य अतिथि ने बी एमजी डिग्री कॉलेज बघेडा के प्राचार्य डॉ सत्य प्रकाश शुक्ल के इस कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा भी की। और उन्होंने आश्वस्त किया कि सरकार की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में जो भी आवश्यकता पड़ेगी सरकार आपके द्वार पर खड़ी है । कार्यक्रम के आयोजक व संयोजक बीएमजी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन बघेडा के निदेशक एनपी सिंह की ओर से कराए जा रहे सामाजिक क्षेत्रों में महिलाओं की दशा एवं दिशा सुधारने गरीबी उन्मूलन एवं शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे अनेक कार्यों के प्रति उन्होंने धन्यवाद ज्ञापित किया । कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों की ओर से दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। वहीं दूरदर्शन एवं उत्तर मध्य सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज के कलाकारों की ओर से सांस्कृतिक गीतों सहित नृत्य की प्रस्तुतियां भी हुई। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे करछना विधायक पियूष रंजन निषाद ने अपने उद्बोधन में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री से करछना विधानसभा क्षेत्र में एक राजकीय महिला महा विद्यालय की मांग की। अन्य विशिष्ट अतिथि में भाजपा यमुनापार के जिला अध्यक्ष विभव नाथ भारती करछना ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी भाजपा के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद पांडेय रहे।

## सिलेंडर लदी पिकअप में लगी आग, पिकअप सहित सिलेंडर जलकर हुआ खाक

**मेजा रोड।** मेजा क्षेत्र के नेवादा गांव मे एक सिलेंडर लदी पिकअप में आग लग गई। जिससे वाहन समेत सिलेंडर जलकर खाक हो गई। सुचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पंहुची तब तक वह जलकर राख हो गई।मिली जानकारी के अनुसार मेजा के सिरखिडी गांव मे सिद्ध भारत गैस एजेंसी है। वहां से पिकअप वैन पर सिलेंडर गैस लादकर गांव सभा नेवादा मे गैस वितरण के लिए जा रहे थे। रास्ते में पराली का भुसा रखा हुआ था और वहीं पर पिकअप फंस गई। ड्राइवर के द्वारा गाड़ी निकालने की कोशिश की जा रही थी कि अज्ञात कारणों से आग लग गई। मौके पर रहे ग्राम प्रधान नेवादा रंग बहादुर सिंह ने बताया कि मैजिक मे कुल तीस पीस एलपीजी सिलेंडर लदे थे। जिसमे सात एलपीजी सिलेंडर खाली थे। बाकी 23 सिलेंडर गैस से भरे थे। आग सुचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची तब तक वाहन समेत सब जलकर राख हो गया।

# अंडे के सेल्समैन से 1.24 लाख रूपए की टप्पेबाजी

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के मेवालाल की बगिया के समीप स्थित एक बैंक में रूपए जमा करने गए अंडे के सेल्समैन से 1लाख 24 हजार रूपए की टप्पेबाजी हो गई। रूपए गायब होने की जानकारी पर सेल्सैमैन के होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची नैनी पुलिस ने जांच पड़ताल में जुट गई। सीसीटीवी फुटैज की मदद से पुलिस टप्पेबाजों की तलाश में जुटी है।

आद्योगिक क्षेत्र के सरपतहिया गांव का रहने वाला अंकित भारतीया अंडे का सप्लायर है। वह दुकानों पर अंडे की सप्लाई करता है। बुधवार को अंकित मेवालाल की बगिया स्थित केनरा बैंक मे 01 लाख 24 हजार रूपए जमा करने पहुंचा था। बैंक में ही पहुंचे दो टप्पेबाजों ने अंकित से उनके चार लाख रूपए जमा करने की बात कही। अंकित उनकी बातों में आकर उनके रूपए जमा करने के लिए पर्ची भरने लगा। टप्पेबाजों ने एक कैरीबैग में कुछ कागज के बंडल रख दिए और अंकित से कहा कि वह उनका रूपया जमा कर दें। कुछ देर मे टप्पेबाज वहां से मौका पाकर फरार हो गए। अंकित ने कैरीबैग खोलकर देखा तो उसमें रखा रूपए गायब था। कैरीबैग में कागज के बंडल थे। अपने साथ ठगी होने की जानकारी पर अंकित ने नैनी पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर इंस्पेक्टर नैनी बृजेश सिंह व प्रभारी चौकी नैनी सुरेंद्र सिंह मौके पर पहुंच गए और सीसीटीवी फुटैज के माध्यसे टप्पेबाजों की जानकारी जुटाने में लग गए।

## नागरिक पीजी कॉलेज जंघई के बीएड विभागाध्यक्ष को मातृशोक

**अखंड भारत संदेश**

**जंघई।** नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में बीएड विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ प्रमोद कुमार पांडेय की माता जी राम संवारी देवी के निधन पर प्राचार्य प्रो0 राजीव मालवीय, डॉ प्रमोद कुमार तिवारी, डॉ रवि मिश्रा, नीरज श्रीवास्तव, डॉ ओमप्रकाश मिश्र, डॉ कविता गुप्ता, डॉ पवन कुमार पांडेय, कार्यालय अधीक्षक करुणेश त्रिपाठी, जितेन्द्र तिवारी लिपिक पीजी विभाग आदि लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना किया।इस अवसर पर परिजनों में विजयनाथ पांडेय, विद्यापति पांडेय, सुरेश चंद्र, रविन्द्र कुमार, गणेश कुमार, रमेश चन्द्र, दिनेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# भाजपा के पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ड्रॉ बी के सिंह को माल्यार्पण करते भाजपाई

**अखंड भारत संदेश**

## प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही राष्ट्र का कर सकते हैं नव निमार्णः अश्वनी

**घूरपुर।** प्रशिक्षण से ही कार्यकताओं के व्यक्तित्व का विकाश होता है। जिससे प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही राष्ट्र का नव निर्माण कर सकते हैं उक्त बातें शुक्रवार के दिन क्षेत्र स्थित बलराज वाटिका में भारतीय जनता पार्टी काशी क्षेत्र के पिछड़ा मोर्चा यमुनापार के प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता काशी प्रांत के क्षेत्रीय अध्यक्ष अश्वनी कुमार सिंह पटेल ने कार्यकताओं को प्रशिक्षण देते हुए संबोधित किया। आगे कहा कि कार्य पद्धति ही भाजपा संगठन की आत्मा है। वक्ता जिला पंचायत अध्यक्ष ड्रॉ बी के सिंह ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी जिसका एक अदना सा कार्यकर्ता कब अपनी प्रतिभा से ऊंचाई पर पहुंच जायेगा जिसका भान उसे खुद भी नहीं रहता। यह भाजपा की प्रषिक्षण विधा ही कुछ ऐसी है जो देश के प्रति समर्पण का



भाव उत्पन्न करती है। जिससे ओत प्रोत हो कार्यकर्ता निश्वार्थ भाव से भाजपा को मजबूत करने का काम करता है। यह विश्व के अन्य किसी राजनीतिक दल में किसी का इस तरह का सोच ही नहीं है। किसान मोर्चा के क्षेत्रिय उपाध्यक्ष रमा कांत विश्वकर्मा ने भाजपा का इतिहास बताते हुए कहा कि भाजपा दीन दयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानववाद दर्शन बताते हुए कहा कि वर्तमान में जिन संसाधनों से वंचित लोग हैं उन्हें भी उक्त संसाधन प्राप्त हो आगे भाजपा के पंचनिष्ठा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसी क्रम में वक्ता अवधेश गुप्त व गुरु प्रसाद मौर्य ने भी कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया। अध्यक्षता यमुनापार जिला अध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल ने किया।

प्रशिक्षण वर्ग शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष ड्रॉ विभव नाथ ने दीप प्रज्वलित कर और श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्याक्रम चार चरणों में अयोजित किया गया। संचालन ड्रॉ सूर्या यादव, सुधाकर सिंह, राम राज सिंह ने किया। वरिष्ठ नेताओ में प्रवीण कुमार पटेल, संदीप निषाद, धर्म दास मौर्य, सुरेंद्र बहादुर सिंह, धर्म राज पाल, आर के शर्मा, संतोष पटेल, राधिका प्रसाद पटेल, रविंद्र प्रसाद पटेल, रवि निषाद, अंतर सिंह कुशवाहा, अनुपम सिंह, श्री कांत कुशवाहा, बुद्धसेन, सुरेंद्र पटेल, मयंक सिंह आदि पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन के दौरान जिला अध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल ने अतिथियों प्रति आभार व्यक्त करते हुए धनयवाद अर्पित किया।

# घटिया निर्माण सामग्री देख भड़के मंत्री, सीडीओ व इंजीनियर को दिए जांच के आदेश

## बेलहट में निमार्णाधीन अटल आवासीय विद्यालय का श्रम एवं सेवायोजन मंत्री ने किया निरीक्षण





**कोरांव/प्रयागराज।** कोरांव तहसील क्षेत्र के बेलहट गांव में निमार्णाधीन अटल आवासीय श्रमिक विद्यालय का उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री श्रम एवं सेवायोजन अनिल राजभर ने शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया। कैबिनेट मंत्री के निरीक्षण के दौरान कोरांव विधायक राजमणि कोल, मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि, डीएलसी प्रयागराज राजेश मिश्र, एवं पीडब्ल्यूडी के एक्सियन एके श्रीवास्तव समेत जिले के कई आला अफसर व निर्माण कार्यदायी संस्था के जिम्मेदार मौजूद रहे। श्रम एवं सेवायोजन मंत्री ने निर्माण कार्य को पूरा करने में हो रही देरी पर ठेकेदार व पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर को फटकार लगाते हुए कहा कि समय सीमा के अंदर निर्माण कार्य को पूरा करें अन्यथा दस प्रतिशत का जुमार्ना लगाया जाएगा। ज्ञातव्य हो कि प्रयागराज के कोरांव तहसील में बन रहे अटल आवासी श्रमिक विद्यालय के निर्माण हेतु सरकार की ओर से लगभग 70 करोड़ का बजट दिया गया है। जिसका निर्माण कार्य कार्यदाई संस्था को जून 2022 में ही पूरा कर लेना था, किंतु कार्य अपूर्ण रहने की स्थिति में निर्माण कार्य राई संस्था ने दिसंबर तक निर्माण कार्य पूरा कर हैंड ओवर करने की बात कही थी, लेकिन विभागीय मंत्री के निरीक्षण के दौरान कार्य की शिथिलता देख यह प्रतीत हुआ कि निर्माण कार्यदायी संस्था दिसंबर में भी अपना निर्माण कार्य पूरा नहीं कर पाएगी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर निरीक्षण करने पहुंचे विभागीय मंत्री ने सख्त लहजे में कहा कि अगले सत्र से विद्यालय शुरू होना है। निर्माण कार्य की प्रगति बहुत धीमी है। अगर निश्चित समयावधि के भीतर निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया तो निर्माण कार्यदायी संस्था व ठेकेदार के विरुद्ध जुमार्ने की कार्रवाई की जाएगी। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि कार्रवाई नाम मात्र की नहीं होगी। जितना भी जुमार्ना होगा उसे वसूला भी जाएगा। कैबिनेट मंत्री ने स्पष्ट लहजे में बताया कि मानक व समय से कोई समझौता नहीं होगा। नक्शे में भी सुधार की कोई गुंजाइश नहीं होगी। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य पूरा होने पर हैंडोवर करने से पहले पूरी जांच कराई जाएगी। खामियां मिलने पर कार्रवाई तय मानी जाय। उन्होंने कहा कि रेट रिवाइज का सिस्टम खत्म कर दिया गया है जो धनराशि स्वीकृत है उसमें ही निर्माण कार्य पूरा करना है। पूर्ववर्ती सरकारों में रेट रिवाइज के नाम पर व्यापक पैमाने पर सरकारी धन का धनादोहन किया जा चुका है।

कैबिनेट मंत्री ने हास्टल एवं सामग्री जांच लैब तथा विद्युत स्टेशन कक्ष एवं प्रयोगशाला जैसे कक्षों का निरीक्षण किया। इसके अलावा विद्यालय के निर्माण कार्य हेतु बनाए गए नक्शे का अवलोकन कर किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न होने की भी हिदायत दी है। विभागीय मंत्री के निरीक्षण के दौरान अखिल भारतीय प्रधानं सनगठन प्रयागराज मंडल तथा सीबू के प्रदेश एस गठन के प्रचार मंत्री अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ने मंत्री जी से श्रम विभाग क्राधिकारियों द्वारा सुविधाएं शुल्क न पाने पर योजनाओं के आवेदन अपात्र दिखा कर निरस्त किए जाने श्रमिकों के शोषण की शिकायतें की। मंत्री नर्स ज्ञान में लिया औरहांच कराकर दोषियों को ने बख्सने की बात कही। एसडीएम कोरांव शुभम यादव, खंड विकास अधिकारी मुकेश कुमार, भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह, भाजपा नेता तुलसी दास राणा, बाबुआन द्विवेदी समेत कई अधिकारी कर्मचारी व भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सामग्री लैब पीछे होने पर ठेकेदार को लगाई फटकार

स्थानीय लोगों के द्वारा निमार्णाधीन आवासीय श्रमिक विद्यालय में लोकल बालू के प्रयोग की शिकायत के बाद मंत्री ने जहां खुद बालू का सैंपल लिया, वहीं ठेकेदार से पूछा कि टेस्टिंग लैब किधर है तो काफी देर घुमाते हुए ठेकेदार टेस्टिंग लैब जो बिल्कुल पीछे एक कोने में था ले गया जहां पहुंचते ही कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि सामग्री लैब जांच में गेट के पास रखना चाहिए जिससे कोई भी सामग्री आए तो उसकी जांच तुरंत कर सको। लेकिन तुम पीछे रखे हो इसका क्या मतलब है जिस पर ठेकेदार गोल मटोल जवाब देने लगा। टेस्टिंग लैब में मंत्री ने पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर से बालू के गुणवत्ता की जांच कराई जिस पर पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर एके श्रीवास्तव ने घटिया बालू होने की बात मंत्री से कही। जिस पर तत्काल इसकी लिखित शिकायत प्रेषित करने का निर्देश इंजीनियर को विभागीय मंत्री ने दिया है।

## घटिया बालू देख मंत्री ने लिया सैंपल

बेलहट में निमार्णाधीन अटल आवासीय विद्यालय के निर्माण कार्य में निर्माण कार्यदायी संस्था व ठेकेदार के द्वारा घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग करने पर मंत्री बिफर पड़े और खुद साथ रहे लोगों को पॉलिथीन में बालू का सैंपल लेने का निर्देश दिया। कैबिनेट मंत्री ने अपने साथ निर्माण कार्य में लगाई जा रही घटिया बालू का सैंपल खुद लेकर गए हैं। उन्होंने आश्वस्त किया है कि घटिया निर्माण सामग्री की जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई भी तय है। कैबिनेट मंत्री ने पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर व मुख्य विकास अधिकारी तथा डिस्टिक लेबर कमिश्नर प्रयागराज को जांच कर आख्या देने का निर्देश दिया है। उन्होंने निरीक्षण के दौरान क्या-क्या खामियां पाई गई है इसको भी पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर और डीएलसी प्रयागराज को पत्र के माध्यम से अवगत कराने हेतु कहा है।

## काम कर रहे श्रमिकों का पंजीकारण न होने पर लगाई फटकार

कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने निमार्णाधीन अटल आवासीय श्रमिक विद्यालय के निरीक्षण के दौरान कार्य कर रहे श्रमिकों से भी बातचीत की। इस दौरान उन्होंने श्रमिकों से पूछा कि आप लोगों का पंजीकरण हुआ है या नहीं जिस पर अधिकांश श्रमिकों ने पंजीकरण न होने की बात कही। जिस पर डीएलसी राजेश मिश्र एवं ठेकेदार को फटकार लगाते हुए कहा कि जितने भी श्रमिक काम कर रहे हैं चाहे वे नए आए अथवा पुराने हों सबका पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें। जिससे श्रमिकों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके।

## मंत्री के निर्देश के बाद भी फरवरी में काम पूरा करने की बात करता रहा ठेकेदार

कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर व कोरांव विधायक राजमणि कोल के निर्देश के बाद भी ठेकेदार 28 फरवरी तक काम कर पूरा करने की बात करता रहा। जिस पर विभागीय मंत्री व विधायक राजमणि कोल ने कहा कि जून 2022 में ही निर्माण कार्य को पूरा करना था, किंतु आपके द्वारा दिसंबर माह तक का समय लिया गया। दिसंबर ही हम अपना अंतिम समय मान कर चल रहे हैं। अगर दिसंबर में निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ तो उसके जिम्मेदार खुद होंगे और जवाब भी देना पड़ेगा। विधायक राजमणि कोल ने भी सख्त लहजे में कहा है कि हमें दिसंबर लास्ट में विद्यालय बनकर तैयार मिलना चाहिए। अगले सत्र से जिस उद्देश्य विद्यालय का निर्माण कराया जा रहा है उस उद्देश्य की पूर्ति हो सके और स्थानीय श्रमिकों के बच्चों को सरल सुगम एवं बेहतर शिक्षा मुहैया हो सके।

# भाजपा नेता के घर पहुंचकर फूलपुर सांसद ने जताया शोक

**अखंड भारत संदेश**



**सहसों।** डेंगू बुखार से पीड़ित क्षेत्र के चन्दरपुर उर्फ बसमहुआ गांव निवासी अशोक तिवारी भाजपा गंगापार के जिला संयोजक का 10 नवम्बर को असामयिक निधन हो जाने पर शुक्रवार को फूलपुर सांसद केसरी देवी पटेल उनके आवास पर पहुंचकर परिजनों से मिलकर सांत्वना देते हुए शोक जताते संवेदना प्रकट किया। सांसद ने अशोक तिवारी के बड़े भाई जेके कंस्ट्रक्शन के मालिक जितेन्द्र कुमार तिवारी एवं अन्य परिजनों से मिलकर सांत्वना देते हुए हालचाल जाना। इस अवसर पर प्रमुख फूलपुर विपेन्द्र सिंह पटेल, सत्या त्रिपाठी, संजय मिश्र बनकटा, कृष्ण बल्लभ द्विवेद्वी, रतन राज, डॉ जे जे पटेल, सांसद प्रतिनिधि उमेश तिवारी सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# डंफर ट्रक ने महिला को रौंद,मौत

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा रोड।** मांडा बाजार के पेट्रोल पंप के समीप डंफर ट्रक ने महिला को रौंद दिया। जिससे महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। आक्रोशित लोगों ने रास्ता जाम करने की कोशिश करने लगे। तब तक सुचना पर मांडा पुलिस पंहुच गई।मिली जानकारी के अनुसार मांडा थाना क्षेत्र के मुसाही बारी मांडा निवासी मीरा देवी (45) पत्नी भगवान दास बिंद अपने घर के पास खड़ी थी कि अनियंत्रित डंफर ट्रक ने महिला को रौंद दिया। जिससे महिला की मौत हो गई। आक्रोशित लोगों ने प्रयागराज-मिजार्पुर मार्ग को जाम करने की कोशिश की। तब तक सुचना पर थाना प्रभारी मांडा अरविंद कुमार गौतम पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। औरअगली कार्रवाई मे जुट गए। पुलिस आक्रोशित भीड़ को समझाने और शव को कब्जे मे लेने के लिए जुट गई ।

# छात्र को गोली मारने वाले तीन बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार, दो को लगी गोली



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** कीडगंज में लूट के विरोध पर बीएससी के छात्र शुभम यादव(18) को गोली मारने के आरोपी तीन बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिए गए। बृहस्पतिवार देर रात परेड में पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो के पैर में गोली भी लगी। उन्हें एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। झूंसी निवासी शुभम को 15 नवंबर को तिकोनिया पार्क के पास गोली मारी गई थी। अज्ञात में केस दर्ज कर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की तो सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि वारदात अल्लापुर के बदमाशों ने की थी। बृहस्पतिवार देर रात तीनों बदमाशों के आने की सूचना पर एसओ कीडगंज राममूर्ति यादव, एसओ अतरसुइया योगेश प्रताप सिंह व एसओजी प्रभारी आशीष ने मयटीम परेड में घेराबंदी की। इसी दौरान सुपर स्प्लेंडर बाइक से आ रहे तीन बदमाशों को रोकने की कोशिश की गई तो वह फायरिंग करते हुए भागने लगे। जवाबी फायरिंग में दो बदमाशों को गोली लगी, जिसके बाद बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई।इसके बाद पुलिस टीम ने तीनों बदमाशों को पकड़ लिया। पूछताछ में पता चला कि गोली लगने से घायल होने वालों में रजत पासी निवासी हाशिमपुर, और राज उर्फ रोमियो निवासी अल्लापुर शामिल हैं।

उनका तीसरा साथी प्रकाश पासी निवासी गणेशनगर म्योराबाद कैंट है। घायल बदमाशों को एसआरएन में भर्ती कराया गया। प्रकाश ने पूछताछ में बताया कि छात्र को गोली मारने की घटना वह और उसके दोनों साथियों ने अंजाम दी थी। उनके कब्जे से दो तमंचे, कारतूस व बाइक बरामद की गई है।

### सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जज के घर बम फेंकने में भी जा चुका है जेल

कीडगंज इंस्पेक्टर ने बताया कि प्रकाश सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जज अशोक भूषण के पैतृक मकान पर बमबाजी में भी जेल जा चुका है। पिछले साल 23 अगस्त को कर्नलगंज के हाशिमपुर मोहल्ले में यह घटना हुई थी। इस मामले में कुल छह लोग गिरफ्तार कर जेल भेजे गए थे जिनमें प्रकाश भी शामिल था। पुलिस ने खुलासा किया था कि अपनी प्रेमिका के परिवार पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाने वाले युवक को डराने के लिए प्रकाश ने अपने साथियों संग यह वारदात की थी। दहशत फैलाने के लिए ही उसने रिटायर जज के पैतृक मकान की दीवार पर बम फोड़ा था। जबकि जज के परिवार से घटना से कोई लेना-देना नहीं था।

### रजत व प्रकाश पर नौ-नौ मुकदमे

एसपी सिटी संतोष कुमार मीना ने बताया कि रजत व प्रकाश कई आपराधिक वारदातें कर चुके हैं। दोनों पर नौ-नौ मुकदमे दर्ज हैं। रजत हत्या के मामले में पिछले महीने ही जेल से छूटकर आया है। 2020 में अल्लापुर में सचिन सोनकर की हत्या में वह जेल भेजा गया था। सचिन को गोली मारने के बाद उसका शव कब्रिस्तान में फेंक दिया गया था।

## एडीजी कार्यलय पर धरना दे रही दलित महिला को महिला पुलिस ने हिरासत में लिया

### सीएम योगी आदित्यनाथ के दरबार मे सोमवार को फरियाद करेगी पीड़ित महिला



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** थानां करछना अंतर्गत सेमरी ताल का पूरा निवासी दलित महिला की गांव के दबंगो ने उसकी जमीन कब्जा कर ली परेशान पीड़ित महिला दबंगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने की मांग को लेकर शुक्रवार को सुबह दस बजे एडीजी प्रयागराज जोन के दप्तर के सामने धरने पर बैठ गयी,धरने की जानकारी मिलते ही सिविल लाइंस पुलिस हरकत में आई महिला थाने की पुलिस ने पहले समझाया कि धरना हटा लें किन्तु पीड़िता के न मानने पर लगभग सवा बारह बजे धरना दे रही 65 वर्षीय चंदो देवी व उसकी पुत्र बधू बिटोला को हिरासत में लेकर थाने पर ले गयी फिर लगभग सायं चार बजे छोड़ दिया गया।

प्रश्न यह उठता है कि 65 वर्षीय वृद्ध महिला और उसकी पुत्र बधू को जिस महिला पुलिस ने हिरासत में लिया फिर चार घण्टे बाद उसे छोड़ दिया उस महिला पुलिस ने यह नही सोचा कि वृद्ध महिला व उसकी पुत्र बधू शहर से लगभग 40 किलोमीटर दूर कैसे अपने घर पहुचेगी तनिक भी विचार नही किया। वृद्ध महिला का बेटा भाइयन कहना है कि महिला पुलिस को अपने संरक्षण में घर भेजवाने की व्यवस्था करनी चाहिए थी। परेशान बेटे ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जिले अफसरों ने दबंगो के विरुद्ध कोई कार्यवाही नही की है अब मजबूरन सोमवार 21 नवम्बर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर न्याय की फरियाद करेंगे।

## फायरकर्मियों ने एनसीसी छात्रों को आग बचान के प्रति किया जागरूक

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र स्थित सेंट जोसेफ स्कूल में बुधवार को फायर स्टेशन नैनी के प्रभारी पवन कुमार मिश्रा, व उनकी टीम से संतोष मिश्रा, कृपाशंकर तिवारी एवं अन्य कर्मचारियों की ओर से आग से बचाव की जानकारी दी। स्कूल में मौजूद शिक्षक, एनसीसी के छात्रों समेंत अन्य को फायर कर्मियों ने घरों या आसपास आग लग जाने पर कैसे अपनी और दूसरों की सेफ्टी करते हुए उसपर काबू पाया जाए उसका अभ्यास कराया। इस दौरान बच्चों ने फायरकर्मियों से पूछे गए सवालों का जवाब भी मिला बताया कि घर में अगर गैस सिलेंडर में आग लग गई तो कैसे उस पर काबू पाना है।

# माघ मेला को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत मंडलायुक्त एवं मंडल रेल प्रबंधक की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

### माघ मेले से पहले सभी रेलवे स्टेशनों के आस-पास से तथा नवाब युसूफ रोड से एंक्रोचमेंट हटाने पर भी चर्चा की गई है

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** माघ मेला 2022-23 को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत एवं मंडल रेल प्रबंधक श्री मोहित चंद्रा की अध्यक्षता में रेलवे एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों की समन्वय बैठक मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय स्थित सभागार में संपन्न हुई। बैठक में पूर्व में आयोजित किए गए माघ मेलों से सीख लेते हुए कुछ आवश्यक निर्णय लिए गए जिसके अंतर्गत माघ मेले 2022-23 की भीड़ प्रबंधन संबंधित सभी तैयारियां 2019-20 के माघ मेले में आई भीड़ को बेस मानते हुए की जाएंगी।

मंडलायुक्त ने रेलवे विभाग को विभिन्न स्टेशनों पर ट्रेनों के संचालन संबंधित निर्णय भी उसी को ध्यान में रखते हुए लेने की अपील की है। मंडलायुक्त ने रेलवे एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित कर माघ मेले की भीड़ प्रबंधन के दृष्टिगत एक नॉर्मल अथवा एक कंटीन्जेसी प्लान तैयार करने का भी प्रस्ताव दिया है जिसके अंतर्गत दोनों ही विभागों के अधिकारी संयुक्त सिग्नेचर कर प्लान का सत्यापन करेंगे।

इसके अतिरिक्त उन्होंने जिलाधिकारी को वॉलिंटियर्स की एक बड़ी टीम तैयार कराने का भी निर्देश दिया है जिससे कि पुलिस एवं सिविल डिफेंस के अतिरिक्त इन वॉलिंटियर्स का इस्तेमाल मेला क्षेत्र, रेलवे स्टेशन तथा अन्य शहरी इलाकों में भीड़ प्रबंधन हेतु किया जा सके। उन्होंने इन वॉलिंटियर्स का 100-100 व्यक्तियों का ग्रुप तैयार कर उनका ओरियंटेशन कराने के भी निर्देश दिए हैं। इन सभी वॉलिंटियर्स को कार्य के पश्चात जिला प्रशासन की तरफ से सर्टिफिकेट दिया जाएगा।



इनके चिन्हीकरण हेतु इन्हें क्या मैं आपकी सहायता कर सकता हूं टी-शर्ट पहनाने का सुझाव भी मंडल आयुक्त द्वारा दिया गया है।इसी क्रम में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा प्रदान करने के दृष्टिगत मेला क्षेत्र के साथ-साथ इस बार शहर के विभिन्न स्थानों में भी साईनेज लगाए जाएंगे जिससे कि श्रद्धालुओं को मेला क्षेत्र तक पहुंचने में कोई कठिनाई न हो। शहरी एवं मेला क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर कलर कोटेड साईनेज लगाने का भी प्रस्ताव है, जो विभिन्न रेलवे स्टेशनो तक ले जाने के मार्ग के साथ-साथ किस दिशा में वहां से ट्रेन मिलेगी इससे संबंधित जानकारी भी देंगे। इन सभी कलर कोडेड साईनेज को रेलवे द्वारा प्रयोग किए जा कलर कोडेड साईनेज को ध्यान में रखते हुए बनाया जाएगा।माघ स्नान उपरांत भारी मात्रा में श्रद्धालुओं का तीर्थाटन हेतु अयोध्या एवं अन्य स्थानों में जाने की प्रथा को ध्यान में रखते हुए मंडल रेल प्रबंधक ने अयोध्या एवं विंध्याचल मार्ग हेतु स्पेशल ट्रेन चलाने की भी बात की है परंतु यह निर्णय आई हुई भीड़ को देखते हुए उसी समय लिया जाएगा। इसी क्रम में जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने रेलवे के अधिकारियों से सभी स्टेशंस पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने, मेला क्षेत्र में दो टिकट काउंटर बनाने तथा स्टेशन के आसपास रैन बसेरा का इंतजाम करने की अपील की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शैलेश पांडे ने रेलवे स्टेशनों की फीड पुलिस के साथ साझा करने तथा ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों को मेला संबंधित जानकारी के बारे में ट्रेनिंग देने पर जोर दिया। बैठक में माघ मेले से पहले सभी रेलवे स्टेशनों के आस-पास से तथा नवाब युसूफ रोड से एंक्रोचमेंट हटाने पर भी चर्चा की गई है।

## सेक्स रैकेट की सूचना पर पहुची पुलिस सभी फरार

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हवेलियां गांव के एक मकान में सेक्स रैकेट चलने की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की घर तो घर में मौजूद लड़के लड़किया पीछे के रास्ते से फरार हो गए मामले में कुछ वीडियो भी पुलिस को मिला है जिसमे घर के अंदर लड़के लड़किया आते जाते नजर आ रहे है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक महिला अपने मकान में सेक्स रैकेट चला रही है जहां प्रति दिन लड़के लड़कियों का जोड़ा आता है और कुछ घंटों बाद वापस लौट जाता है। लड़के लड़कियों का घर के अंदर आने-जाने का वीडियो भी पुलिस को मिला है। गुरुवार की दोपहर पुलिस ने घर में छापा मारा पर गेट अंदर से बंद था बताया जाता है कि घर में मौजूद लोग पीछे के रास्ते भाग गए। आखिर में घर में एक महिला पुरुष व उसका बेटा मिला। सूत्रों की माने तो पुलिस ने घर के बाहर से तीन स्कूटी बाइक बरामद की है।

## 33 यूजीआई छात्रों का 5 लाख सालाना पैकेज पर जियो प्लेटफॉर्म्स में चयन

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** यूनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (यूजीआई), नैनी के 33 स्नातक इंजीनियरिंग छात्रों को कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से बहुराष्ट्रीय कंपनी जियो प्लेटफॉर्म्स में नौकरी मिली है। उन्हें 5 लाख रुपये के सालाना पैकेज पर ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी के पद पर नियुक्ती मिली है। सभी छात्र 2023 बैच के हैं। जियो प्लेटफॉर्म्स भारत की बहुराष्ट्रीय आईटी कंपनी है जिसका मुख्यालय मुंबई, महाराष्ट्र में है। डीन, कॉपोरेट एण्ड इन्डस्ट्री रिलेशन्स, यूजीआई डॉ दिव्या बरतरिया ने बताया कि इन छात्रों का चयन लिखित परीक्षा, ग्रुप डिस्कशन और साक्षात्कार के उपरान्त किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी चयनित छात्र बीटेक की कंप्यूटर साइंस (सीएस), इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी (आईटी) और कोर शाखाओं से हैं। इन छात्रों में प्रथमेश श्रीवास्तव, हिमांशु द्विवेदी, अनामिका सैनी, कृतिका मिश्रा, आदर्श राय, देवेश केसरवानी, सौम्या शुक्ला, अवि श्रीवास्तव, यशस्वी श्रीवास्तव, सैयद नबील हैदर जैदी, आयुष शुक्ला, उत्सव केसरवानी, सिद्धांत सिन्हा, गौरी, साक्षी, साक्षी भी शामिल हैं। हिमांशी चतुवेर्दी, श्रेया श्रीवास्तव, अनूप मिश्रा, मुस्कान श्रीवास्तव, आदर्श पांडे, अमर वर्मा, आयुष अदलक्खा, विवस्वत पांडे, अक्षत गुप्ता, श्रेया श्रीवास्तव, ऋषभ सिंह, अंशु पांडे, महिमा, शची कांत शुक्ला, दिव्यांशी श्रीवास्तव और शिवनिधि सिंह खरे शामिल हैं। यूजीआई के प्रसिडेंट डॉ जगदीश गुलाटी, वाइस प्रसिडेंट सतपाल गुलाटी, वाइस प्रेसिडेंट गौरव गुलाटी, प्रिंसिपल, डीन और शिक्षकों ने छात्रों को उनकी सफलता पर शुभकामनाएं दी हैं।

### दिव्यांग बच्चों की करेहा में खेल कूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**करछना।** विश्व दिव्यांग दिवस के पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार त्रिपाठी के संरक्षण में संविलियन विद्यालय करेहा करछना प्रयागराज में तहसील स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता कराया गया । जिसमें श्रवण बाधित बच्चों का थ्रीलेग रेस ,चित्रकला । दृष्टि बाधित बच्चों का 100 मीटर ,दौड़ कुर्सी दौड़ एवं मानसिक मंदित बच्चों का 100 मीटर दौड़ ,कुर्सी दौड़ व अस्थि बाधित बच्चों का सुलेख प्रतियोगिता सम्पन्न कराया गया ।इस कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष शिव बहादुर यादव महामंत्री रावेन्द्रनाथ मिश्रा कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह जूनियर शिक्षक संघ के अध्यक्ष बृजेश कुमार यादवश्रीमती सुनीता द्विवेदी प्रधानाध्यापिका संविलियन विद्यालय करेहा।

# महाविद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण और रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** में हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ,नैनी प्रयागराज में आइ क्यू ए सी,एन एस एस और रोवर रेंजर के तत्वावधान में स्वास्थ्य परीक्षण और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।यह शिविर मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज और स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज के सहयोग से आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर ओमप्रकाश जी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदरणीय उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. अमित भारद्वाज जी रहे। स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय के श्री विनोद परामर्शदाता के रूप में तथा डॉ रवि रानी मिश्रा, अनिल तिवारी जांच परीक्षक और श्रीमती पूनम यादव उपस्थित रहीं । शिविर में महाविद्यालय के प्राध्यापको सहित 189 छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण तथा 23 यूनिट रक्तदान किया गया ।इस कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चाका के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ हेमंत जी के सहयोग से छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा निदेशक के हाथों कैल्शियम,आयरन, व विटामिन की दवाएं छात्र छात्राओं को वितरित किया गया। साथ ही छात्राओ को सेनिटरी नैपकिन भी बाटे गए। राष्ट्रीय सेवा योजना के दोनों इकाईयों का एक दिवसीय शिविर भी आयोजित हुआ। महाविद्यालय की आइक्यूएसी की संयोजक प्रोफेसर सुवर्णा सरकार के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में आइक्यूएसी की सह- संयोजक डॉ स्मिता पाल व प्रेस विज्ञप्ति 'महाविद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण और रक्तदान शिविर का आयोजन' आज दिनांक 18 नवंबर 2022 को हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ,नैनी प्रयागराज में आइ क्यू ए सी,एन एस एस और रोवर रेंजर के तत्वावधान में स्वास्थ्य परीक्षण और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।यह शिविर मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज और स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज के सहयोग से आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर ओमप्रकाश जी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदरणीय उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. अमित भारद्वाज जी रहे। स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय के श्री विनोद परामर्शदाता के रूप में तथा डॉ रवि रानी मिश्रा, अनिल तिवारी जांच परीक्षक और श्रीमती पूनम यादव उपस्थित रहीं । शिविर में महाविद्यालय के प्राध्यापको सहित 189 छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण तथा 23 यूनिट रक्तदान किया गया प्रोफेसर महेंद्र प्रसाद ने भी रक्त दान किया ।इस कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चाका के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ हेमंत जी के सहयोग से छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा निदेशक के हाथों कैल्शियम,आयरन, व विटामिन की दवाएं छात्र छात्राओं को वितरित किया गया। साथ ही छात्राओ को सेनिटरी नैपकिन भी बाटे गए। राष्ट्रीय सेवा योजना के दोनों इकाईयों का एक दिवसीय शिविर भी आयोजित हुआ। महाविद्यालय की आइक्यूएसी की संयोजक प्रोफेसर सुवर्णा सरकार के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में आइक्यूएसी की सह- संयोजक डॉ स्मिता पाल व सदस्य डॉ भास्कर शुक्ल, डॉ. संदीप, एन एस एस प्रभारी डॉ. विजय प्रकाश व डॉ रफत अनीस ,रोवर प्रभारी डॉ. दीपक तथा रेंजर प्रभारी डॉ. मीनाक्षी और समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।सदस्य डॉ. संदीप, एन एस एस प्रभारी डॉ. विजय प्रकाश व डॉ रफत अनीस ,रोवर प्रभारी डॉ. दीपक तथा रेंजर प्रभारी डॉ. मीनाक्षी और समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## कुर्सी दौड़ में सुनैना, निस्बा और फरार्टा रेस में बिरजू प्रथम

### बीआरसी शंकरगढ़ में हुई दिव्यांग बच्चों की तहसील स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** ब्लाक संसाधन केंद्र शंकरगढ़ परिसर में शुक्रवार को दिव्यांग बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। तहसील स्तरीय इस प्रतियोगिता में विकास खंड शंकरगढ़ और विकास खंड जसरा के दिव्यांग बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में शारीरिक, मानसिक और दृष्टिबाधित बच्चों ने पूरे जोश के साथ प्रतिभाग किया।



प्रतियोगिता में विभिन्न श्रेणी के कुल 57 बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के समापन पर विजेताओं के नाम की घोषणा की गई और सभी को पुरस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता के कुर्सी दौड़ (प्राथमिक वर्ग) में सुनैना (वीआई) प्रथम, निस्बा (एमआर) प्रथम, 100 मीटर दौड़ में बिरजू (वीआई) ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसी क्रम में फहद सिद्दीकी (एमआर) भी फरार्टा रेस में प्रथम रहे। थ्री लेग रेस (एचआई) में मुस्कान प्रथम और रेशमी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

इसी तरह जूनियर वर्ग में 100 मीटर दौड़ में मतीन सिद्दीकी प्रथम, मनकशा द्वितीय, चित्रकला प्रिया सिंह प्रथम, ऋतुराज द्वितीय, सिद्धार्थ ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसी प्रकार अस्थिबाधित चित्रकला प्रतियोगिता में नेहा प्रथम, संध्या द्वितीय, खुर्शीद तृतीय स्थान पर रहे। सूलेख प्रतियोगिता में ऋतुराज सिंह प्रथम व प्रिया सिंह दूसरे स्थान पर रहीं। इसके पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ ब्लाक के व्यायाम शिक्षक सुनील द्विवेदी ने सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ की। मंच का संचालन नारायण सिंह ने किया। प्रतियोगिता को संपन्न करवाने में अरविंद सिंह, सरदार सिंह, अभिषेक सिंह, अजय सिंह अनुदेशक, रामसूरत, अरविंद मिश्र, ममता सोनकर ने अहम भूमिका निभाई। इस मौके पर नृपेंद्र सिंह, विजय सिंह, संगीता, शुभांक पांडेय, रवींद्र कुमार शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## साहिब श्री गुरु नानक देव जी के 553वे प्रकाशपर्व पर श्री अखंड पाठ आरंभ

### नैनी गुरुद्वारा संगत मे साहिब श्री अखंड पाठ रखा गया'

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** गुरुद्वारा संगत द्वारा भोर में पिछले कई दिनों से प्रभात फेरी नगर भ्रमण कर गुरुवाणी की अमृत वर्षा द्वारा श्रद्धालु गुरु का आशीर्वाद प्राप्त कर गुरुद्वारा पहुंचे तत्पश्चात पंक्तिबद्ध बैठकर शब्द- कीर्तन उपरांत अखंड पाठ आरंभ हुए। सरदार पतविंदर सिंह ने समस्त नगर वासियों से अपील की है की नैनी स्थित गुरुद्वारे में गुरु पर्व के प्रकाश उत्सव के विभिन्न धार्मिक आयोजन में तन मन धन से बढ़-चढ़कर सेवा कर गुरु का आशीर्वाद प्राप्त कर अपने जीवन सफल करें'सरदार पतविंदर सिंह ने हाथ जोड़कर आग्रह किया है कि सभी धार्मिक आयोजनों में समय का विशेष ध्यान रखकर समय से पहुंचे जिससे गुरु की वाणी का पूरा सिमरन कर सकें। इस दौरान सुरेंद्र सिंह,जसपाल सिंह,शिव शंकर दीक्षित,राजू चड्ढा,वरयामसिंह,चरनजीत सिंह,परमिंदर सिंह बंटी,सरदार पतविंदर सिंह सहित बड़ी संख्या में सेवादार उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत नौढ़िया तरहार, विकास खण्ड शंकरगढ़, प्रयागराज

### अल्पकालीन निविदा

मनरेगा/राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत 2022–23 में निम्नलिखित निर्माण कार्यो को कराने हेतु ग्राम पंचायत नौढ़िया तरहार में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदाएं सील बन्द लिफाफे में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 19.11.2022 से 04.12.2022 को सायं 2 बजे तक आमंत्रित की जाती है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी निविदा पर विचार नही किया जायेगा। नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय में कार्य दिवस में देखी जा सकती है। एक व समस्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत नौढ़िया तरहार को होगा। निविदा दिनांक 04–12–2022 को सायं 4 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की लागत (लाख में) | निविदा मूल्य | धरोहर की धनराशि | निर्माण कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नौढ़िया तरहार में पंचायत भवन का निर्माण कार्य | 15.82 | | | 3 माह |

नोट: अनुमानित लागत तकनीकी/वित्तयी स्वीकृत के आधार पर घट–बढ़ सकता है।

**जानवी देवी**
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत नौढ़िया तरहार
विकास खण्ड शंकरगढ़, प्रयागराज

**प्रदुम कुमार**
(सचिव)
ग्राम पंचायत नौढ़िया तरहार
विकास खण्ड शंकरगढ़, प्रयागराज

पत्रांक : मेमो/मनरेगा/राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त/निविदा–2022–23 दिनांक

# अधिवक्ताओं पर प्राणघातक हमले के विरोध में वकीलों ने किया विरोध प्रदर्शन

## आरोपी प्रधान समेत चार के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के रायगढ़ गांव में गुरूवार की देर शाम संयुक्त अधिवक्ता संघ के महामंत्री शेष तिवारी तथा अधिवक्ता कुलदीप तिवारी पर प्राणघातक हमले को लेकर वकील आक्रोशित हो उठे।

हालांकि घटना की देर रात ही पुलिस ने घायल अधिवक्ताओं का मेडिकल परीक्षण कराते हुए गांव के प्रधान समेत चार नामजद आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास तथा लूट समेत कई गंभीर धाराओं मे केस दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियो की तलाश मे रात से ही दबिश मे जुटी बतायी जाती है। घटना के विरोध मे लालगंज के वकीलों ने शुक्रवार को नेशनल हाइवे पर धरना प्रदर्शन कर घंटो विरोध जताया। हालांकि पुलिस ने शुक्रवार की सुबह घटना के मुख्य आरोपी नरई प्रधान रायगढ़ निवासी बृजलाल सरोज उर्फ पिंटू को हिरासत मे ले लिया।

तहसील के दो अधिवक्ताओं पर गुरूवार की देर शाम हुए कातिलाने हमले को लेकर शुक्रवार को यहां साथियों में जबरदस्त आक्रोश पनप उठा। नाराज वकीलो का भारी समूह तहसील परिसर मे सुबह ही एकत्रित हो उठा। प्रशासन के खिलाफ परिसर मे नारेबाजी करते हुए वकील नेशनल हाइवे पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन जताने लगे। सीओ को ज्ञापन देने निकला वकीलो का जत्था उनके कार्यालय पर पहुंचा तो वहां सीओ को न देखकर पारा और चढ़ गया। नाराज वकीलो ने सीओ कार्यालय के सामने नेशनल हाइवे पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। वकीलों ने धरना स्थल पर मौजूद लालगंज प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल से जिले के एएसपी को बुलवाये जाने की मांग रखी। वकीलों के विरोध प्रदर्शन की भनक एसपी सतपाल अंतिल को लग गयी।



लालगंज मे हाइवे पर विरोध प्रदर्शन करते वकील।

एसपी ने रूरल बार के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल तथा संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश से फोनिक वार्ता कर आरोपियो के खिलाफ कडी कार्रवाई का भरोसा दिलाया। एएसपी रोहित मिश्र के जिलामुख्यालय से बाहर होने की स्थिति में इधर एसपी की डांट पर सीओ रामसूरत सोनकर भी मौके पर आननफानन मे पहुंचे। सीओ को वकीलों ने एसपी के नाम संबोधित ज्ञापन में आरोपियो की गिरफ्तारी के साथ उन पर रासुका लगाये जाने की मांग उठायी है। सीओ ने स्वयं के नेतृत्व में आरोपियो की गिरफ्तारी के साथ कडी कार्रवाई का भरोसा दिलाकर वकीलों का गुस्सा शांत कराया। पुलिस ने वकील की तहरीर पर आरोपी बृजलाल उर्फ पिंटू समेत चार के खिलाफ हत्या के प्रयास, लूट, मारपीट व गालीगलौज तथा तोडफोड समेत कई गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है। धरना प्रदर्शन के दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष शहजाद अंसारी, उपाध्यक्ष बीके तिवारी, राममोहन सिंह, देवी प्रसाद मिश्र, अजय शुक्ल गुडडू, संतोष पाण्डेय, विपिन शुक्ल, घनश्याम मिश्र, आशीष तिवारी, दिनेश मिश्र, शैलेन्द्र सिंह, सिंटू मिश्र, विनय शुक्ल, प्रमोद सिंह, सुरेन्द्र सिंह, प्रमोद तिवारी, नामवर सिंह आदि अधिवक्ता रहे।

# जिला क्रीड़ा प्रतियोगिता के विजेताओं ने डीएम ने किया पुरस्कृत

## जिला स्टेडियम में चल रही प्रतियोगिता का हुआ समापन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय जिला बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन शाम पांच बजे हुआ। इन दो दिनों में स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने कबड्डी, कुष्ती, खोखो, गोला फेंक, भाला फेंक, हैमर थ्रो आदि प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने विजेताओं को शील्ड देते हुए कहा कि बच्चों में अपार क्षमताएं हैं जिनका इन्होंने खेल में प्रदर्शन किया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बच्चों द्वारा मार्च पास्ट की सलामी ली। इस मौके पर बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। बता दें कि गुरुवार को कार्यक्रम का शुभारंभ सीडीओ ईषा प्रिया ने किया था। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी ईषा प्रिया, जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानंद, जिला बेसिक षिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह के अलावा अनेक खण्ड शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला व्यायाम शिक्षक ने किया।



विजेताओं को शील्ड देते डीएम व सीडीओ।

## पुलिस ने तीन शातिर लुटेरों को गिया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पट्टी क्षेत्र के ढकवा मोड़ के पास से पुलिस ने गैर जनपदीय एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है। साथ ही प्रतापगढ़ के दो लुटेरे भी धरे गये हैं। मौके पर पहुंचे कांस्टेबल अमित सिंह व नक्षत्र प्रताप सिंह ने भाग रहे लुटेरों को दौड़ाकर पकड़ा जबकि मौके से एक लुटेरा वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस पकडे. गये लुटेरों से पूछताछ कर रही है।

## संदिग्ध दशा में युवक की हुई मौत, परिजनों में कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** गुरुवार की रात संदिग्ध दशा में एक युवक की मौत हो गई। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। उदयपुर थाना क्षेत्र के उछापुर गांव निवासी हनुमत का पुत्र सचिन (25) गुरुवार की रात करीब तीन बजे बाइक लेकर घर से लगभग पांच सौ मीटर दूर नदी के किनारे शौच के लिए गया हुआ था।

काफी देर बीत जाने के बाद सचिन घर नहीं लौटा तो परिजन उसकी तलाश करने लगे। नदी के किनारे पहुंचने पर देखा की वह नदी के किनारे पानी में मृत पड़ा हुआ है।यह देखकर परिजन रोने-चिल्लाने लगे। आवाज सुनकर गांव के लोग भी इकट्ठा हो गए। परिजनों ने उसके शव को घर लाकर अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं ग्रामीणों व परिजनों का कहना है की मृतक कई वर्षो से बीमार चल रहा था। काफी इलाज के बावजूद कोई राहत नहीं थी।

# जनवामऊ में बीमारी से बचाव के लिए दवा का हुआ छिड़काव

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर की बड़ी ग्राम पंचायत जनवामऊ में सहायक विकास अधिकारी संतोष कुमार शुक्ला के निर्देश पर ग्राम विकास अधिकारी आफताब अहमद व ग्राम प्रधान राम खेलावन पटेल ने गुरुवार की शाम गावो के पुरवा में ई रिक्शा पर मशीन से फांगिंग कराया और ग्रामसभा की जनता से साफ स्वच्छ रखने की अपील किया ताकि मलेरिया व डेंगू जैसी बीमारी से लोगो को बचाया जा सके। इस दौरान ग्रामीणों की भारी भीड़ दिखाई दी ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत मंत्री व ग्राम प्रधान के साथ एडीओ पंचायत के प्रति सहानभूति जताई।



जनवामऊ में दवा का छिड़काव करते कर्मचारी।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति छात्र-छात्राओं के सुरुचिपूर्ण अधिगम में सहायकः प्राचार्य

## पीबीपीजी कालेज में शिक्षा नीति विषय पर हुई संगोष्ठी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रताप बहादुर महाविद्यालय प्रतापगढ़ सिटी के सभागार में राष्ट्रीय शिक्षा नीति विषय पर संगोष्ठी का आयोजन प्राचार्य प्रोफेसर अमित कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में किया गया। संगोष्ठी में महाविद्यालय की छात्र छात्राओं ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया और राष्ट्रीय शिक्षा नीति की प्रासंगिकता पर अपने अपने विचार व्यक्त किए।

इस संगोष्ठी का स्वरूप प्रतियोगिता के रूप में किया गया जिसमें बढ़-चढ़कर छात्राओं ने प्रतिभाग किया। अध्यक्षीय उद्बोधन करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अमित कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति वर्तमान परिप्रेक्ष्य में छात्र छात्राओं के सुरुचिपूर्ण अधिगम में सहायक सिद्ध होती है और इसमें किसी भी विषय को पढ़ने की बाध्यता कहीं से भी नहीं है। छात्र स्वतंत्र होकर अपनी रूचि के अनुसार विषय का चयन कर सकते हैं और इससे बालकों का सर्वांगीण विकास हो सकता है। इस शिक्षा नीति से बालकों में तार्किक क्षमता वैज्ञानिक दृष्टिकोण और अन्वेषणात्मक प्रवृत्ति का विकास किया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर नीरज त्रिपाठी ने किया संगोष्ठी में बीएड प्रथम सेमेस्टर की छात्रा रिचा त्रिपाठी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रगति गुप्ता द्वितीय स्थान पर रही और बीएड प्रथम सेमेस्टर की दीपा तिवारी तृतीय स्थान पर रही। निधि शुक्ला बीएससी प्रथम वर्ष को सांत्वना पुरस्कार मिला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ प्रणव ओझा, डॉ प्रीति श्रीवास्तव ने भी अपने विचार रखे। यह जानकारी महाविद्यालय के जन सूचना अधिकारी डॉ धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने दी।



पीबीपीजी कालेज में आयोजित शिक्षा नीति संगोष्ठी में मौजूद अतिथिगण

# रमईपुर नेवादा में जनहित संकल्प सम्मेलन का हुआ आयोजन

## संवैधानिक अधिकारों के प्रति किया गया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** शुक्रवार को तहसील क्षेत्र के रमईपुर नेवादा में सरदार बल्लभ भाई पटेल बिरसा मुंडा तथा महाराज सिंह भारती जयंती समारोह के अंतर्गत जनहित संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें दूरदराज से आए हुए वक्ताओं ने सरदार पटेल सहित पिछड़े वर्ग के महान नेताओं के संदर्भ में अपनी बात रखी और उनके योगदान पर प्रकाश डाला तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

पट्टी तहसील क्षेत्र के रमईपुर नेवादा गांव में सरदार सेना द्वारा जनहित संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि के रुप में भीम सेना आर्मी के चीफ चंद्रशेखर आजाद उर्फ रावण ने संवैधानिक अधिकारों के प्रति मौजूद लोगों को जागरूक रहने तथा अपने हित के लिए संघर्ष करने की बात कही। उन्होंने भारत में वर्ग विभेद और उसकी राजनीति के संदर्भ में सरदार बल्लभ भाई पटेल और संविधान शिल्पी भीमराव अंबेडकर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरदार सेना के अध्यक्ष आर यस पटेल ने सभी लोगों को एकजुट हो जाने का संकल्प दिलाया। नीरज भाई पटेल अंबेडकर और सरदार पटेल की मूर्तियों के संदर्भ में तकरार होने पर नाराजगी जताई। सरदार सेना के प्रदेश अध्यक्ष छोटेलाल मौर्य ने सरदार वल्लभभाई पटेल को भारत का सच्चा नायक बताया। जिला पंचायत सदस्य विजय यादव ने युवाओं से आवाहन किया की एकजुटता की मिसाल बनकर देश की सेवा करें। रानीगंज विधायक आरके वर्मा ने भाजपा सरकार की नीतियों को ढकोसला बताते हुए आलोचना किया। पूर्व विधायक रामेश्वर पवन ने भी अंबेडकर तथा सरदार पटेल के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता छोटेलाल मौर्य तथा संचालन डॉक्टर जगदीश्वर पटेल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राकेश पटेल शिवम पटेल अंकित पटेल राजेश पटेल बांकेलाल पटेल भोला नाथ वर्मा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।





जनहित संकल्प सम्मेलन में मौजूद अतिथिगण।

## पछुआ हवाओं ने बढ़ाई ठंड, तापमान 7 डिग्री लुढ़का

**प्रतापगढ़।** पछुआ हवाओं ने मौसम का मिजाज बदल दिया है और रात में कंपकंपाने वाली ठंड का एहसास गुरुवार की रात से होने लगा। शुक्रवार की सुबह ठंडी हवा चलने से लोग गर्म कपडे. पहनकर निकले दिखाई दिये। दिन में धूप निकली, फिर भी ठंड का एहसास हो रहा था। तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से घटकर लगभग 13 डिग्री हो गया है। आज न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री व अधिकतम तापमान 29 डिग्री रिकार्ड किया गया। जबकि गुरुवार को न्यूनतम तापमान 20 डिग्री था। इस तरह 7 डिग्री तापमान में गिरावट आई है। छोटे-छोटे बच्चे सुबह स्कूल जाने में आना-कानी करते दिखाई दिये। बहरहाल सीबीएसई व छोटे बच्चों के अन्य प्राइवेट स्कूल भी अपना समय बढ़ाने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं।

# आभूषण व्यवसायी से दिनदहाड़े दुस्साहसिक लूट

## पुलिस ने घटना को बताया फर्जी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** फेरी लगाने वाले आभूषण व्यवसायी से बदमाशों ने शुक्रवार की सुबह गहनों तथा नकदी की दुस्साहसिक लूट की वारदात अंजाम दी। सांगीपुर थाना के गौहानी निवासी शीतला प्रसाद स्वर्णकार साइकिल से गांव गांव आभूषण को लेकर फेरी के जरिए व्यापार किया करता है।

शुक्रवार की सुबह करीब साढे नौ बजे शीतला प्रसाद साइकिल से घर से फेरी के लिए निकला। गांव से कुछ ही दूर पर चकरोड पर सूनसान इलाके मे आर्टिगा कार सवार बदमाशो ने शीतला प्रसाद की साइकिल मे धक्का मारकर उसे गिरा दिया। इसके बाद बदमाश तमंचे की नोंक पर शीतला प्रसाद के लगभग साठ से सत्तर हजार के गहने व पास मे मौजूद तीन हजार रुपए नकद लूट लिये। बदमाशो के फरार होने पर शीतला प्रसाद ने शोर मचाया तो वहां भीड जुट गयी। सूचना पाकर सांगीपुर एसओ जितेन्द्र सिंह फोर्स के साथ पहुंचे। पुलिस की काम्बिंग के बावजूद बदमाशो का पता नही चल सका। इधर लूट की सूचना मिलते ही सीओ लालगंज रामसूरत सोनकर भी मौके पर पहुंच गये। सीओ ने जांच मे बताया कि लूट की घटना फर्जी है। आभूषण व्यवसायी ने थाना क्षेत्र के सुजाखर निवासी संदीप कौशल से पचास हजार रुपए उधार लिये थे। संदीप उस पर पैसे वापसी का दबाव बना रहा था। आभूषण व्यवसायी ने शुक्रवार को संदीप को रकम लौटाने की बात कही थी। रकम न अदा करने के लिए व्यवसायी ने खुद ही लूट की घटना की पटकथा तैयार कर ली। पुलिस की पूछताछ मे वह टूट गया और लूट मे उसके द्वारा दशार्या गया माल भी उसके घर पर ही बरामद हो गया। पुलिस ने दोनों पक्षो को थाने बुलवाया है। सीओ का कहना है कि सांगीपुर पुलिस को दोनों पक्षो से वार्ता कर समस्या के समाधान कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

## फूल तोड़ने पर मासूम को गहरे तालाब में फेंका

**प्रतापगढ़।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र निवासी राकेश कुमार गौतम कामासूम बेटा जिगर गौतम स्कूल में छुट्टी होने पर अपने घर आ रहा था कि रास्ते में अमापुर के आरोपी का घर पड़ता हैं घर के सामने गेना का फूल लगा रखा है। आरोपी का घर से कुछ ही दूरी पर प्राथमिक विद्यालय पड़ता है जहां पर जिगर उम्र 8 वर्ष पढ़ाई करने जाता है। स्कूल छुट्टी होने के बाद जिगर अपने घर वापस आ रहा था कि रास्ते में फूल देखकर फूल तोड़ने लगा फूल तोड़ते मासूम को देख कर आरोपी ने अपना आपा खो बैठा। पहले तो मासूम की लात घुसे से पिटाई कर दी फिर मासूम को उठा कर बगल स्थित तालाब के गहरे पानी में फेंक दिया। गहरे तालाब के पानी में जिगर डूबने लगा। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने तालाब के पानी में कूद कर डूबते हुए मासूम को बचाया। मासूम के पिता राकेश कुमार गौतम ने इसकी षिकायत आसपुर देवसरा पुलिस से की है।

# स्वच्छ भारत अभियान के तहत एनएसएस शिविरार्थियों ने प्रस्तुतियों से मोहा मन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज में स्वच्छ भारत अभियान के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर सम्पन्न हुआ। शिविर मे शिविरार्थी प्रिया मिश्रा, ज्योती, कंचन, सोनम बानो, आदर्श आदि छात्र छात्राओं ने स्वच्छता पर आधारित सामूहिक लोक नृत्य तथा नाटिका व भाषण का प्रस्तुतीकरण कर लोगों को स्वच्छ भारत के प्रति जागरूकता भी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड के एनएसएस कार्यक्रम के निदेशक डा. अशोक कुमार श्रोती ने कहा कि एनएसएस के स्वयंसेवको द्वारा स्वच्छता मिशन में दी जा रही प्रभावी भूमिका महात्मा गांधी के स्वच्छता मिशन को निरंतरता दे रही है। उन्होने शिविरार्थियो से राष्ट्रीय चरित्र के निर्माण मे सामाजिक एवं राष्ट्रीय सरोकारों के प्रति समर्पित होने का आहवान किया। विशिष्ट अतिथि डा. विजय कुमार मिश्र व प्रो. उपेन्द्र सिंह ने भी शिविरार्थियों को उच्च शिक्षा में लगन व मेहनत से अध्ययनशील होने के साथ सामाजिक निर्माण में भागीदारी के लिए प्रेरित किया। विशेष शिविर में शिविरार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन भी हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष डा. वीरेन्द्र मिश्र व संचालन डा. वाचस्पति मिश्र ने किया। कार्यक्रमाधिकारी डा. फणीन्द्र नारायण मिश्र ने स्वागत भाषण में शिविर के ध्येय पर प्रकाश डाला। कार्यक्रमाधिकारी डा. सीमा त्रिपाठी ने आभार जताया। इस मौके पर डा. राजेन्द्र मिश्र, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, साहित्यकार अंजनी अमोघ, राहुल मिश्र, डा. ऋचासुकुमार, डा. गंगाधर मिश्र आदि रहे।

## ग्राम पंचायत से जुड़ी विकास योजनाओं में मनमानी को लेकर शिकायत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रामपुर संग्रामगढ़ विकासखण्ड के ढ़िगवस ग्राम पंचायत की निर्माण समिति के अध्यक्ष सरिता त्रिपाठी व अन्य ग्रामीणों ने खण्ड विकास अधिकारी को ज्ञापन देकर बिना ग्राम पंचायत की बैठक बुलाए मनमानी योजनाओं के संचालन का आरोप लगाया है। शिकायती पत्र मे कहा गया है कि प्रधान द्वारा न तो कार्यकारिणी की बैठक बुलाई जाती है और न ही नियमानुसार खुली बैठक बुलायी जा रही है। ग्राम पंचायत से जुडी विकास योजनाएं प्रधान द्वारा अपनी मनमानी से संचालित करायी जा रही है। शिकायती पत्र पर नसीम अली, माधुरी देवी, पुष्पा, मुकेश द्विवेदी, दीनानाथ कोरी, मो. अकरम आदि के भी हस्ताक्षर अंकित हुये है।

# जनपद में संचालित गो-आश्रय स्थलों के संचालन में लापरवाही क्षम्य नहींः डीएम

## डीएम ने जनपद स्तरीय अनुश्रवण मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की ली बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में जनपद स्तरीय अनुश्रवण मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक में जनपद में संचालित गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश के आधार पर दैनिक श्रमिक, केयर टेकर के मानदेय, शीत/ठंड से बचाव, अति वृहद गो-संरक्षण केन्द्र की स्थापना आदि बिन्दुओं पर समीक्षा की गई।

बैठक में बताया गया कि जनपद में निराश्रित/बेसहारा गोवंश का लक्ष्य 14128 के सापेक्ष 44 अस्थायी, 06 वृहद गो संरक्षण केन्द्र, 08 कांजी हाउस, 04 कान्हा गौशाला में कुल 9488 गोवंश संरक्षित किये गये है। जिलाधिकारी ने समस्त खण्ड विकास अधिकारी, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि संचालित स्थायी/अस्थायी गोवंश में क्षमता के अनुसार शत प्रतिशत निराश्रित/बेसहारा गोवंश को संरक्षित करायें। अति वृहद गो-संरक्षण केन्द्र भूमि चिन्हांकन के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि उपजिलाधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी अपने-अपने तहसील व ब्लाक स्तर पर बैठक आयोजित करके तहसील क्षेत्रान्तर्गत खाली पड़ी बंजर, ऊसर, बीहड़ भूमि का सीमांकन हेतु भूमि की सूचना मुख्य राजस्व अधिकारी को उपलब्ध करायें, साथ ही पशु चिकित्साधिकारी सण्डवा चन्द्रिका व सांगीपुर को निर्देशित किया कि उपजिलाधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुये वृहद गो संरक्षण भूमि के चिन्हांकन की कार्यवाही करायें। जिलाधिकारी ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां-जहां गौशालायें बनी हुई है, यदि वहां अतिरिक्त पशु शेड की आवश्यकता हो तो अतिरिक्त शेड की व्यवस्था तत्काल करायी जाये कोई भी गोवंश खुले में न रहे। समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, परियोजना निदेशक डीआरडीए आर0सी0 शर्मा, जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अनिल कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी, समस्त उपजिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी तथा समस्त जनपदीय नोडल अधिकारी मौजूद रहे।

## बाजार में जर्जर तार की जगह बदले जा रहे केबिल

**परियावां, प्रतापगढ़।** विद्युत उपकेंद्र कालाकांकर 33/11 व संग्रामगढ़ फीडर से जुड़े क्षेत्र परियावां व पाइकगंज बाजार में बिजली के कई दशक पूर्व लगे तार को हटाकर मोटी केबिल लगाई जा रही है जिससे बिजली चोरी के साथ आंधी पानी से बिजली की चोरी व फाल्ट रोका जा सके शुक्रवार को परियावां बाजार में बिजली की केबिल खींचे जाने से आपूर्ति भी बाधित रही बिजली की केबिल खींचे जाने से उपभोक्ताओं को राहत मिली। इसी क्रम में ग्राम पंचायत परियावां के साथ पाइकगंज बाजार में जल निगम विभाग द्वारा इन दिनों पानी सप्लाई के लिए पाइप बिछाया जा रहा है ।

# 2 पिकअप की आमने सामने टक्कर चालक की मौत 5 लहूलुहान

## करारी थाना क्षेत्र में बीती रात हुआ जोरदार हादसा

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के पट्टी अब्दुल रऊफ गांव के पास 2 पिकअप में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई है टक्कर के बाद पिकअप सड़क पर पलट गई है हादसे में एक पिकअप के चालक की मौके पर मृत्यु हो गई है जबकि दूसरे पिकअप में सवार 5 लोग गंभीर घायल हैं सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची करारी पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

घटनाक्रम के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांधीनगर निवासी चालक धर्मा पुत्र बच्ची लाल उर्फ लल्लू पिकअप नंबर यूपी 73 ए 6314 मंझनपुर की तरफ वापस आ रहे थे इसी बीच सामने से आ रहे पिकअप नंबर यूपी 17 टी 7906 में आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई दोनों पिकअप में टक्कर लगते ही एक पिकअप सड़क पर पलट गई हादसे में धर्मा चालक की मौके पर मौत हो गई और दूसरे पिकअप में सवार मलखान पुत्र राम अवतार अजय पुत्र कमलेश संजय पुत्र तुलसी राजू पुत्र पंचम और प्रेम पुत्र रामविलास घायल हैं हादसे की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर स्थानीय ग्रामीण पहुंच गए हैं और मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है सूचना मिलते ही घटनास्थल पर थाना पुलिस पहुंची है और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घायलों को इलाज के लिए पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद पुलिस।

## वरिष्ठ सहायक, कनिष्ठ सहायक, स्टेनोग्राफर एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पद के लिए प्रस्ताव

**कौशाम्बी।** जिला न्यायालय से सेवानिवृत्त कर्मचारीगण में से ऐसे कर्मचारीगण, जिनकी आयु 65 वर्ष पूर्ण नहीं हुई हो, उन्हें वरिष्ठ सहायक के रिक्त 33 पदों पर, कनिष्ठ सहायक के 02 पदों पर, स्टेनोग्राफर ग्रेड-1 के 03 पदों पर, स्टेनोग्राफर ग्रेड-2 के 07 पदों पर एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के 15 पदों पर पुर्ननियुक्ति न्यायिक अधिष्ठान, कौशाम्बी में की जानी है। यह नियुक्ति पूर्णतयः अस्थायी होगी तथा एक वर्ष की अवधि के लिए अथवा सीधी भर्ती द्वारा, प्रोन्नति द्वारा अथवा स्थानान्तरण पश्चात भरे जाने की तिथि तक, जो ही पहले हो, के लिए की जायेगी। इन पदों का वेतनमान सम्बन्धित पद पर आवेदक को मिलने वाले अन्तिम आहरित वेतन जिसमें से पेंशन की राशि काटकर मानदेय के रूप में देय होगा। आवेदक अपना आवेदन आयु प्रमाणपत्र व स्वस्थता प्रमाणपत्र के साथ दिनांक 30 नवम्बर की सायं 04 बजे तक प्रशासनिक कार्यालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं।

# 713 अभ्यर्थियों को रोजगार मेला में प्रदान किया गया रोजगार

## डीएम ने रोजगार मेले का द्वीप पज्ज्वलित कर किया शुभारम्भ



रोजगार मेले में प्रमाण पत्र वितरित करते डीएम सीडीओ, मेले में उपस्थित बेरोजगार।

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा आज उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (संकल्प योजनान्तर्गत), राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कौशाम्बी एवं सेवायोजन के संयुक्त तत्वाधान में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर के परिसर में आयोजित वृहद रोजगार मेले का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। रोजगार मेले में लगभग 3000 अभ्यर्थियों एवं 25 नियोक्ताओं के द्वारा प्रतिभाग किया गया, मेले में 713 अभ्यर्थियों को रोजगार प्रदान किया गया इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी केके राम नोडल प्रधानाचार्य एमएम शुक्ला प्रधानाचार्य गौतम घोष सेवायोजन अधिकारी अभिषेक प्रताप सिंह एमआईएस प्रबन्धक दीपा श्रीवास्तव मण्डल अध्यक्ष कड़ा भारतीय जनता पार्टी विनोद सिंह वरिष्ठ सहायक, सुश्री सुरूची सिंह सनी कुमार पाण्डेय अविनाश श्रीवास्तव एवं राजकीय आईटीआई के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# राजस्व वसूली में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय ने उदयन सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा के दौरान वाणिज्यकर, आबकारी, परिवहन, स्टॉम्प एवं रजिस्टेज्शन, विद्युत, नगर निकाय एवं खनन आदि से सम्बन्धित अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति लाने के निर्देश दियें।

उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियो को और अधिक प्रवर्तन कार्य करने के भी निर्देश दियें। उन्होंने आर0सी0 वसूली की प्रगति की समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए तहसीलदारों को आर0सी0 की वसूली में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने ई0ओ0 को गृहकर वसूली में प्रगति लाने के भी निर्देश दियें।इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्टेट राजेश कुमार श्रीवास्तव एवं सभी उप जिलाधिकारीगण व तहसीलदार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।



बैठक को संबोधित करते अपर जिलाधिकारी।

# इफको द्वारा सहकारी प्रशिक्षण का किया गया आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जनपद मे इफको द्वारा सहकारी प्रशिक्षण का आयोजन विकास भवन मे किया गया जिसमे जनपद के सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता,जिला कृषि अधिकारी,कृषि विज्ञान केंद्र कौशाम्बी से डॉक्टर मनोज एवं इफको लखनऊ से मुख्य प्रबंधक कृषि सेवाएं डॉक्टर जी पी तिवारी उपस्तिथ रहे। जिला कृषि अधिकारी ने बदले हुए परिवेश क्रांतिकारी उत्पाद को अपनाने पर बल दिया।

सहायक आयुक्त सहकारिता ने समितियों को समिति का कारोबार बढ़ाने पर बल दिया।जिससे कारोबार बढ़े और अपने पैरो पर रहकर किसानो की सेवा करे। उर्वरक अनुदान का बहुत बड़ा बोझ केंद्र सरकार पर 2.५ लाख करोड़ को कम करने हेतु नैनो यूरिया अपनाने पर बल दिया डॉक्टर मनोज ने कृषि की तमाम उन्नत तकनीकियों ,उत्तम प्रजातियों को अपनाने पर बल दिया। ताकि कृषि उत्पाद्न बढ़ सके डॉक्टर जी पी तिवारी ने सभी प्रभारियों को कारोबार बढ़ाने,नैनो यूरिया की बिक्री,जैव उर्वरक की बिक्री को अधिक और तीव्र करने पर जोर दिया। प्रोत्साह्न स्वरूप सभी उत्पादों के प्रति पैकःऔर प्रति मेट्रिक टन समझाया गया। कौशम्बी क्षेत्र प्रबंधक द्वारा सभी प्रतिभागियों को स्वागत तथा आभार व्यक्त किया गया।एसएफए द्वारा भी आयोजन को सफलता पूर्वक सम्पन्न किया गया।



सहकारिता प्रशिक्षण में उपस्थित अधिकारी।

# गंगा नदी पुल में आई दरार का निरीक्षण करेगी विधायक

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** शहजादपुर गँगा नदी पर नवनिर्मित दुर्गा भाभी सेतु में आई हुई दरार पर सेतु का स्थलीय निरीक्षण सिराथू विधायक डॉ पल्लवी पटेल दिनांक 19 नवम्बर को करेंगी साथ ही सेतु पर प्रेस प्रतिनिधियों से वह संवाद करेंगी उसके उपरांत नरसिंहपुर कछुआ स्थित ट्रामा सेंटर का भी निरीक्षण सिराथू विधायक करेंगी ट्रामा सेंटर निरीक्षण के उपरांत सिराथू विधायक डॉ पल्लवी पटेल कार्यकताओं से मां शीतला अतिथि गृह में जनसंवाद करेंगी दिनांक 20 नवम्बर को जनपद में ओवरलोडिंग व क्षेत्रीय जनता के अनावश्यक उत्पीड़न को लेकर सिराथू विधायक डॉ पल्लवी पटेल पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन प्रेषित करेंगी।

# सोखदा में आज आयोजित होगी शतंरज चयन प्रतियोगिता

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिला शतंरज स्पोर्ट्स एसोसिएशन कौशांबी और मोहन लाल इंटरनेशनल स्कूल सोखदा कौशांबी के संयुक्त तत्वावधान में आयु 13 वर्ष जिला शतंरज चयन प्रतियोगिता का आयोजन मोहन लाल इंटरनेशनल स्कूल सोखदा इमामगंज कौशांबी में 19 नवंबर को आयोजित की गई है सचिव ने बताया कि इस प्रतियोगिता के प्रथम दो खिलाड़ी (बालक और बालिका ) का चयन आगरा में हो रही व-13 राज्य स्तरीय शतंरज प्रतियोगिता के लिए होगा इस प्रतियोगिता में अपनी प्रविष्ट के लिए प्रातः 9.30 पर विद्यालय में उपस्थित हो।

# दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा एससी/एसटी एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त नवनीत कुमार द्विवेदी उर्फ बच्चा पुत्र चन्द्रप्रकाश द्विवेदी निवासी जुगराजपुर थाना सराय अकिल को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा गस्त वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त शुभम कुमार पुत्र स्व0 सुमतलाल निवासी असरावलकला थाना पिपरी को गिरिया तिराहा से 450 ग्राम अवैध गांजा बरामद होने पर गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनो को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 223 वाहनों का ई-चालान किया गया।

# निरोधात्मक कार्यवाही में 03 अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना पश्चिम शरीश से एक थाना सराय अकिल से एक थाना सैनी से एक कुल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# चार वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्ता कान्ती पत्नी गोवर्धन निवासी टेनशाह अलमाबाद थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्ता को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त श्रवण कुमार पुत्र प्यारेलाल निवासी लोधन का पुरवा थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।इसी प्रकार थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त बच्चा लाल पुत्र जोखू निवासी ग्राम बघेलापुर थाना कोखराज को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना सैनी पुलिस बल द्वारा वारटी अभियुक्त बंटा पासी पुत्र शिव मंगल पासी निवासी जफरपुर थाना सैनी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# नाला ना होने से सड़कों पर भरा रहता है गंदा पानी

**अखंड भारत संदेश**



**हररायपुर कौशाम्बी।** मूरतगंज विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बसेड़ी के सड़क के किनारे नाला ना बनाए जाने से पूरे समय सड़कों में गंदा पानी भरा रहता है गांव का गंदा पानी सड़कों में बहता है और पूरी सड़क खराब हो रही है पूरी सड़क कीचड़ गंदगी से भारी रहने के चलते आवागमन में लोगों को दिक्कतें होती हैं सड़क पर जब वाहन निकलते हैं तो गंदा पानी के छींटे लोगों के शरीर पर पड़ते हैं जिससे बाद विवाद की भी स्थिति उत्पन्न होती है इन दिनों डेंगू की बीमारी से लोग पीड़ित हो रहे हैं और सड़क पर गंदा पानी भरने से लोग डेंगू के बीमारी के आशंका में भयभीत दिखाई पड़ रहे हैं दूसरी तरफ सड़क में गंदा पानी भरा रहने से लाखों की लागत की सड़क जल्द खराब हो रही है लेकिन उसके बाद भी सड़क पर पानी भरने की समस्या का समाधान नहीं किया गया है ग्रामीणों ने आला अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मांग किया है कि सड़क किनारे नाला बनवाया जाए जिससे सड़क पर बहने वाला गंदा पानी बंद हो सके।

# 19 नवम्बर को 96 ग्राम पंचायतों में लगेगा बैंकिग कैम्प

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** एल0डी0एम0 जितेन्द्र चौधरी ने अवगत कराया है कि वित्तीय समावेशन से सशक्तीकरण (ग्राम पंचायत स्तरीय-वित्तीय समावेशन) अभियान के तहत दिनांक 19 नवम्बर को ग्राम पंचायत-सादिकपुर सेमरहा, मो0 पइन्सा, टाण्डा, अफजलपुर सातों, जमदुआ, निखोदा, बैरमपुर, खपरा खनदेवरा, हकीमपुर, महिला, बन्थरी, घोसिया, नरसिंहपुर कछुवा, केसारी, हिनौता, अमनीलोकीपुर, उदाथू, अतरसुइया, पिण्डरा सहावनपुर, कोसम ईनाम, मो0 ता0 इब्राहिमपुर, ऐलई उर्फ बक्सीपार, कादिराबाद, मोहम्मदपुर, नुरपुर हाजीपुर, उचरावां, पुनवार, इच्छना, सैयद सरावां, मर्दानपुर वर्जी, करनपुर सौरई, नगियामई, तिल्हापुर, सोंधिया, बरई सलेम, चलौली, बौली, बलीपुर टाटा, अम्बाई बुजुर्ग, साढो, गौरा, अमीना, गुवारा तैयबपुर, गोविन्दपुर गोरिया, तैयबपुर मंगौरा, कसेंदा, विदनपुर ककोढ़ा, फरीदपुर चकताजपुर, कोखराज, मोहनापुर, सेवढ़ा, रहीमपुर मौलानी, मोहिद्दीनपुर देवछार, मानपुर गौरा, नगरेहा कला, अकबराबाद, रामपुर धमावां, चकमानिकपुर सैयदराजे, पहाड़पुर कोदन, अन्दावां, मलाक सद्दी, मौगरी कड़ा, गिरधरपुर, देवरा, शाहपुर पेरवा, जवई पडरी, वैशकांटी, उखैयाखास, बट-बन्धुरी, रक्सवारा, बलकरनपुर, शिवरा, म्यौहरिया, जाठी, पिपरकुण्डी, उमरावां, रघुनाथपुर, कोटिया, गिरियाखालसा, बिगहरा उस्मानपुर, मिजार्पुर जवई, हिसामपुर बहरेमऊ, जलीलपुर, लेहदरी खतीब, हटवा रामपुर मडूकी, कनवार, महमूदपुर, देवखरपुर, जाफरपुर महावा, सराय यूसुफ, बिदनपुर आमदकरारी, बम्बूपुर, बरैसा, धनपरा, पंसौर एवं पण्डीरी (कुल-96 ग्राम पंचायत) के पंचायत भवन में बैंकिग कैम्प का आयोजन किया जायेगा, जिन लोगों के बैंक खाते नहीं खुले हैं वे सभी लोग अपना बैंक खाता निःशुल्क खुलवा सकतें हैं। इसके साथ ही विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत पात्र व्यक्ति अपना आवेदन देकर योजना का लाभ उठा सकतें हैं।

एल0डी0एम0 ने बताया कि 26 नवम्बर तक प्रत्येक शनिवार को ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में बैकों द्वारा कैम्प का आयोजन कर प्रत्येक वयस्क व्यक्ति का निःशुल्क खाता खोला जायेंगा, के0वाई0सी0 की जायेंगी, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना से लाभान्वित किया जायेंगा तथा के0सी0सी0 एवं मुद्रा लोन के आवेदन प्राप्त किये जायेंगें। इसके साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को संतृप्त किया जायेंगा।

# शिवजी ने गणेशजी के धड़ पर गजमुख स्थापित करके उन्हें जीवित कर दिया

**अखंड भारत संदेश**

**पश्चिम शरीरा कौशाम्बी।** पश्चिम सरीरा कस्बे में माधुरी केसरवानी द्वारा आयोजित कराए गए शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ में कथा वाचक अनूप तिवारी राम जी महाराज ने शिव महापुराण पर गणेश और कार्तिकेय के जन्म पर विस्तार से चर्चा की है इस मौके पर कथावाचक ने कहा कि भगवान गणेशजी की कथा अनंत है। चारों युगों में उनका वर्णन मिलता है। उन्हें भी हनुमानजी जैसी वरदानी शक्तियां प्राप्त हैं। पुराणों में उनके 64 अवतारों का वर्णन मिलता है। भगवान गणेशजी के जीवन से यूं तो कई प्रसंग जुड़े हैं गणेशजी के जन्म अयोनिज माना गया है। अयोनिज अर्थात जो योनि से उत्पन्न न हो। माता पार्वती ने उन्हें मिट्टी से निर्मित किया था। हालांकि यह भी कहा जाता है कि माता पार्वती द्वारा पुण्यक व्रत के फलस्वरूप गणेशजी का जन्म हुआ था। बाद के पुराणों में उनके जन्म के संबंध में कहा गया है माता ने अपनी सखी जया और विजया के कहने पर एक गण की उत्पति अपने मैल से की थी।

उपस्थित लोगों के बीच प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए कथावाचक ने कहा कि माता पार्वती ने गणेशजी को अपने द्वारा पर नियुक्त किया था और कहा था कि भीतर कोई आने न पाए। शिवजी भीतर आना चाहते थे तो गणेशजी ने उन्हें रोक दिया। शिवजी के क्रोधित होकर उनका सिर धड़ से अलग कर दिया। बाद में माता के विलाप करने और क्रोधित होने पर शिवजी ने उनके धड़ पर गजमुख स्थापित करके उन्हें जीवित कर दिया।

प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए कथावाचक ने कहा कि एक बार कार्तिकेय, गणेश सहित सभी देवताओं में यह प्रतियोगिता आजोजित हुई की कौन सबसे पहले धरती की परिक्रमा पूर्ण कर लेता है। सभी देवता अपने अपने वाहन या शक्ति के बल पर उड़ चले लेकिन गणेश जी का वाहन तो मूषक था, तब उन्होंने अपने माता पिता की परिक्रमा करके ही यह सिद्ध कर दिया कि उनकी परिक्रमा ही जगत की परिक्रमा है। तभी से वे प्रथम पूज्य बनें गणेश जी को मूषक भी एक रोचक प्रसंग के तहत मिला। पहले यह मूषक इंद्र के राज्य में क्रौंच नामक गंधर्व था। अपने कर्मों के कारण यह मूषक बन पराशर ऋषि के आश्रम में उत्पात मचाने लगा। तब गणेशजी के इसकी काबू करके इसे अपना वाहन बना लिया। कथा के दौरान माधुरी केसरवानी संतोष केसरवानी छंगू केसरवानी श्रीधर पांडेय आकाश कौशल पिंटू कौशल त्रि मोहन लाल ननभैया केसरवानी पप्पू केसरवानी सहित सैकड़ों महिला पुरुष भक्त शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ में उपस्थित रह कर प्रसंग का श्रवण किया।



शिव महापुराण कथा में उपस्थित भक्तों की भीड़।

# एएसपी के साथ भारी पुलिस फोर्स ने मंझनपुर कस्बे में किया पैदल भ्रमण

**कौशांबी।** कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने और शांति व्यवस्था कायम करने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक भारी पुलिस फोर्स के साथ सड़क पर उतरे हैं और उन्होंने मंझनपुर कस्बा के मोहल्ले बाजारों ग्रामीण क्षेत्रों में भारी फोर्स के साथ पैदल गस्त करके शांति व्यवस्था यातायात व्यवस्था की हकीकत देखी है पैदल गश्त के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने जगह जगह पर आम जनमानस से बातचीत कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और आम जनता को सुरक्षा का एहसास कराया है।

अपर पुलिस अधीक्षक के पैदल गस्त और नगर भ्रमण के दौरान क्षेत्राधिकारी मंझनपुर क्षेत्राधिकारी सिराथू के साथ प्रभारी निरीक्षक मंझनपुर अतिरिक्त निरीक्षक मंझनपुर चौकी प्रभारी एवं बीट प्रभारी उपनिरीक्षक गण हमराही पुलिस बल थाना मंझनपुर के साथ प्रभारी निरीक्षक महिला थाना हमराही पुलिस बल के साथ मंगलवार की शाम 5:00 बजे कस्बा मंझनपुर में एवं मोहल्लों बाजारों के साथ ग्रामीण क्षेत्र में पैदल गस्त करके शांति व्यवस्था यातायात व्यवस्था का जायजा लिया एवं जनता के व्यक्तियों से बातचीत कर सुरक्षा का एहसास कराया।

# विद्यालय में कराया गया बाल सभा का चुनाव

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** उच्च प्राथमिक विद्यालय टेनशाह आलमाबाद विकास खण्ड मंझनपुर में बाल सभा का चुनाव कराया गया 235 छात्राओं में 13 छात्राओं ने बाल सभासद के लिए प्रतिभाग किया जिसमें 3 बालिकाओं ने सचिव पद पर नामांकन किया ,जिसमें सचिव पद पर निम्न वोट मिले निर्जला -45 मत पहला स्थान अर्चना देवी -26 मत दूसरा स्थान अंजली मौर्य -26 मत तीसरा स्थान पाकर विजयी हुईं सभी शिक्षकों ने विजयी प्रत्याशियों को आशीर्वाद दिया इस अवसर पर विद्यालय के सभी बच्चे बड़े ही उत्साहित रहे उपरोक्त चुनाव में शेष कुमार दुबे प्रधानाध्यापक मोहम्मद शाहिद अली,आनन्द कुमार अग्रहरि विमल कुमार तिवारी ,नीतू सिंह आदि सहायक अध्यापक वा एजुकेट गर्ल्स के गुलाब पाल फील्ड कोआर्डिनेटर मौजूद रहे।



बाल चुनाव में स्कुल बच्चे।

## संपादकीय

# जनजातीय समुदाय का सम्मान

**केंद्र** की नरेन्द्र मोदी सरकार ने जनजातीय समुदाय के सम्मान का नया अध्याय लिखा है। देश में पहली बार जनजातीय समाज की महिला सर्वोच्च पद पर आसीन हुई है। पहली बार जनजातीय गौरव दिवस का शुभारंभ हुआ है। आजादी के अमृत महोत्सव में अनेक उपेक्षित राष्ट्रनायकों को प्रतिष्ठित किया जा रहा है। अमृत महोत्सव के माध्यम से राष्ट्रीय प्रेरणा का नया दिन भी घोषित किया गया। अब देश प्रतिवर्ष जनजातीय गौरव दिवस भी मनाएगा। इस दिवस का प्रथम आयोजन गत वर्ष हुआ था। तब प्रधानमंत्री मोदी ने झारखंड में बिरसा मुंडा की मूर्ति का वर्चुअल लोकार्पण किया था। इसके अलावा भोपाल में विश्वस्तरीय रानी कमलापति रेलवे स्टेशन राष्ट्र को समर्पित किया गया।बिरसा मुंडा और रानी कमलापति के महान योगदान से देश की नई पीढ़ी परिचित हुई। जनजातीय समुदाय में भगवान बिरसा मुंडा का बड़ा सम्मान है। वह राष्ट्रनायक के रूप में पूरे देश के लिए सम्मान की विभूति हैं। रानी कमलापति का भी राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान है। बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवम्बर, 1875 को झारखंड के खूंटी जिले के उलीहातु गांव में हुआ था। उन्होंने जनजातीय समुदाय को लामबंद कर ब्रिटिश दासता से मुक्त कराने का संकल्प लिया था। मुंडा विद्रोह को उलगुलान नाम से भी जाना जाता है। बिरसा मुंडा को 1895 में गिरफ्तार कर लिया गया। उन्हें दो साल के कारावास की सजा दी गई। उन्हें लोग सम्मान से धरती आबा कहते थे। खूंटी थाने पर हमला कर अंग्रेजों को चुनौती दी गई। तांगा नदी के किनारे ब्रिटिश सेना पराजित भी हुई थी। डोम्बरी पहाड़ पर संघर्ष हुआ। उन्हें चक्रधरपुर के जमकोपाई जंगल से गिरफ्तार कर लिया गया। जेल में ही उनका निधन हो गया। मध्य प्रदेश के रेलवे स्टेशन हबीबगंज भोपाल का अंतिम गोंड शासक रानी कमलापति के नाम पर नामकरण किया गया। वह 18वीं शताब्दी की गोंड रानी थीं। यह पहली बार है, जब जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देने के लिए बड़े पैमाने पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अब तक ये सेनानी स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायक रहे हैं। जनजातीय समुदाय ने प्राचीन काल से ही जम्मू-कश्मीर,मणिपुर, नागालैंड सहित सीमावर्ती क्षेत्रों में निवास किया है और देश की सुरक्षा में बड़ी भूमिका निभाई है। आजादी से पहले भी जनजातीय नायकों ने भारतीय स्वतंत्रता के संघर्ष में प्रमुख भूमिका निभाई। रानी कमलापति का नाम रेलवे स्टेशन से जोड़ने से गोंड समाज सहित सम्पूर्ण जनजाति वर्ग का गौरव बढ़ा है। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन देश का पहला आईएसओ सर्टिफाइड एवं पीपीपी मॉडल पर विकसित रेलवे स्टेशन है।

# आओ नए समृद्ध भारत के ध्वजवाहक बने

किशन भावनानी

**वैश्विक** स्तरपर भारत बहुत तीव्रता से प्रौद्योगिकी स्वास्थ्य शिक्षा इलेक्ट्रॉनिक परिवहन सहित अनेक क्षेत्रों में विकास की गाथा लिख कर आत्मनिर्भर भारतकी ओर तीव्रता से कदम बढ़ा रहा है और यूके कनाडा ईयू इजरायल सहित अनेक देशों से एटीएफ वार्ता चल रही है उम्मीद है कि शीघ्र ही अपने सफलतम स्थान पर जरूर पहुंच जाएगी। वैसे भी अभी 30 नवंबर 2023 तक भारत जी-20 का अध्यक्ष बन गया है,जिसके अनेक सकारात्मक परिणाम भारत को मिल जाएंगे। जिस तरह 16 नवंबर 2022 को समाप्त हुए इस वैश्विक सत्र में बड़े-बड़े वैश्विक नेताओं द्वारा भारत के प्रति बॉडी लैंग्वेज और निकटता का भाव दर्शा रहे थे, जो हमने टीवी चैनलों पर देखे कि भारत मुख्य केंद्रबिंदु दिख रहा था उसका नतीजा हमें आने वाले दिनों में देखेगा। अब भारत एक स्मार्ट देश है।अब चूंकि स्थिति हमारे अनुकूल हो रही है इसलिए हम सबका अब कर्तव्य बन गया है कि उसी अभी नए समृद्ध भारत के ध्वजवाहक बने, एक जुनून धारे कि, किसी भी रूप में भारत को आत्मनिर्भर बना कर विश्वगुरु के रूप में देखना है, तो हम जरुर सफल होंगे। साथियों बात अगर हम स्केल और स्पीड की करें तो बड़े बुजुर्गों की कहावतें हैं कि सौ सुनार की एक लोहार की सस्ता रोए बार-बार महंगा रोए एक बार हमें अभी अपने उत्पादों की स्केल और स्पीड पर खास ध्यान देना है।अभी तक इलेक्ट्रॉनिक खिलौना इत्यादि के क्षेत्रों में विस्तारवादी मुल्क का विश्व सहित भारत पर आधिपत्य था जो अब धीरे-धीरे कम होते जा रहा है और भारत का दबदबा बढ़ते जा रहा है, क्योंकि भारत अब अपनी विकास की गाथा पर चल पड़ा है। सबसे महत्वपूर्ण योगदान हम नागरिकों को देकर विकास के लिए हर क्षेत्र में होने वाले एक्सपो राष्ट्रीय प्रदर्शनीयों,इंडिया मेड-टेक एक्सपो 17-19 जनवरी 2023 सहित आत्मनिर्भर भारत की थीम को विस्तार देने वाले हर एक्सपो में न केवल भाग लेना है बल्कि उन्हें उपयोग, विस्तार में लाकर समृद्ध भारतके ध्वजवाहक बनना है। साथियों बात अगर हम माननीय केंद्रीय वाणिज्य मंत्री द्वारा 16 नवंबर 2022 को एक कार्यक्रम में संबोधन की करें तो उन्होंने रेखांकित किया कि दुनिया के विकसित देश अब भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते या व्यापक आर्थिक साझेदारी करने के इच्छुक हैं। भारत का जीवंत स्टार्टअप इकोसिस्टम और इनोवेशन दुनिया को भारत में आने और यहां कारोबार स्थापित करने के लिए आकर्षित कर रहा है। यूके, कनाडा, ईयू, इजराइल के साथ एफटीए वार्ता चल रही है और एक और महत्वपूर्ण एफटीए अगले सप्ताह (जीसीसी के साथ) लॉन्च किया जाएगा। उन्होंने विकसित देशों के साथ समझौतों के दौरान बराबरी के साथ बात करने में निर्भीक नेतृत्व के लिए उद्योग जगत की सराहना की। यह सर्वश्रेष्ठ के साथ प्रतिस्पर्धा करने की अपनी क्षमता में उद्योग के दृढ़ विश्वास से जुड़े साहस को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि सरकार का ध्यान भारत में विनिर्माण को बढ़ावा देने पर है।सरकार ने भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण संरचनात्मक परिवर्तन किए हैं और साथ ही कारोबार में आसानी, ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स रैंकिंग में सुधार, उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना जैसी योजनाओं की सफलता का हवाला दिया।मोबाइल उद्योग में 2 निमार्ताओं से लगभग 200 निमार्ताओं तक उल्लेखनीय वृद्धि सफलता का एक जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि 1.4 अरब लोगों के साथ भारत दुनिया में मौजूद बाजारों में सबसे बड़ा अवसर प्रदान करता है।

# क्या पुरुष उपेक्षा एवं उत्पीड़न के शिकार हैं?

ललित गर्ग



पत्र लिखने वाले एक सांसद हरिनारायण राजभर ने उस वक्त यह दावा किया था कि पत्नी प्रताड़ित कई पुरुष जेलों में बंद हैं, लेकिन कानून के एकतरफा रुख और समाज में हंसी के डर से वे खुद के ऊपर होने वाले घरेलू अत्याचारों के खिलाफ आवाज नहीं उठा रहे हैं। प्रश्न है कि आखिर पुरुष इस तरह की अपेक्षाएं क्यों महसूस कर रहे हैं? लगता है पुरुष अब अपने ऊपर आघातों एवं उपेक्षाओं से निजात

**दुनिया** में अब महिला दिवस की भांति पुरुष दिवस प्रभावी रूप में बनाये जाने की आवश्यकता महसूस की जाने लगी है। अब पुरुष भी अपने शोषण एवं उत्पीडित होने की बात उठा रहे हैं। महिलाओं की तुलना में पुरुषों पर अधिक उपेक्षा, उत्पीड़न एवं अन्याय की घटनाएं पनपने की भी बात की जा रही है। महिला दिवस की तर्ज पर ही पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस भी मनाया जाने लगा है। इस दिवस की शुरूआत 1999 में त्रिनिदाद एवं टोबागो से हुई थी। तब से प्रत्येक वर्ष 19 नवम्बर को अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस दुनिया के 30 से अधिक देशों में मनाया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी इसे मान्यता देते हुए इसकी आवश्यकता को बल दिया और पुरजोर सराहना एवं सहायता दी है। आज तेजी से बदलती दुनिया में हर वर्ग के लिए परिभाषाएं भी बन एवं बदल रही हैं। एक तरफ जहां महिलाएं सशक्त हो रही हैं, वहीं पुरुषों की भी छवि समाज में बदलती जा रही है। कुछ वर्ष पूर्व की बात करें तो पुरुषों को लेकर समाज में ढेरों रुढ़िवादी विचार थे, महिलाओं के शोषण एवं उसे दोयम दर्जा दिये जाने का आरोप उस पर लगता रहा है। जिनमें अब तेजी से परिवर्तन हो रहे हैं। यह दिन पुरुषों द्वारा देश, समाज व परिवार में किए गए उनके योगदान को याद करने का दिन है। साथ ही पुरुषों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य व उनसे जुड़ी भ्रांतियों पर भी चर्चा करने का दिन है।

पुरुष एक ऐसा शब्द जिसके बिना किसी के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। नारी जहां जीवन को परिपूर्णता देती है तो वहीं पुरुष ही इसका आधार है। अब तक पुरुष की तमाम विशेषताओं को नजरअंदाज करते हुए उसे शोषक, नारी उत्पीडक, क्रूर एवं अत्याचारी ही घोषित किया जाता रहा है, लेकिन ऐसा नहीं है। नारी जन्मदात्री है तो पुरुष जीवन-निमार्ता है। बचपन में जब कोई बच्चा चलना सीखता है तो सबसे पहले अपने पिता रूपी पुरुष की उंगली थामता है। नन्हा-सा बच्चा उसकी उँगली थामे और उसकी बाँहों में रहकर बहुत सुकून पाता है। बोलने के साथ ही बच्चे जिद करना शुरू कर देते हैं और पिता उनकी सभी जिदों को पूरा करते हैं। बचपन में चॉकलेट, खिलौने दिलाने से लेकर युवावर्ग तक बाइक, कार, लैपटॉप और उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजने तक संतान की सभी माँगों को वो पूरा करते रहते हैं यानी पुरुष की भूमिका किसी भी रूप में महिलाओं से कम नहीं है।

भारतीय समाज में ह्यमर्द को दर्द नहीं होताह्न या फिर जब कोई पुरुष रोता है तो ह्यमर्द बनो और रोना बांद करो जैसी बातें बोली जाती हैं। पिछले कई सालों से पुरुषों की समाज में संघर्षशील व कठोर छवि को प्रस्तुत किया गया है। लेकिन मुख्य सवाल है कि आखिर मर्द या पुरुष हैं कौन? जो घोड़े दौड़ाता है, शिकार करता है, या फिर जो अच्छे सूट में, चमचमाती कार में ऑफिस जाता है और घर पर भी अपनी तारीफ ही सुनना चाहता है। एक रौबदार छवि, आक्रांता, शोषक, असंवेदनशीलता एवं अत्याचारी वाली उसकी छवि क्या वास्तविक छवि है? असल में पिछले कुछ वर्षों में मर्द की परिभाषा में एक उदारवादी एवं संवेदनशील बदलाव देखने को मिला है। अब पुरुष या मर्द वो नहीं जो हमें अब तक पूर्वाग्रही रूढ़िवादी मानसिकता बताती हैं, बल्कि उससे कहीं ज्यादा वो है ऐसा आधारस्तंभ है जो जिम्मेदारी उठाता है, जो सिर्फ चमकदार जूते एवं कपड़े ही नहीं पहनता बल्कि समाज व देश को भी चमकदार बनाने के लिए आगे आता है, परिवार कीक जिम्मेदारियों को ढोता है। जो सिर्फ महंगी गाड़ियां नहीं दौड़ाता बल्कि अपने परिवार को साथ लेकर उसकी सारी मूलभूत जरूरों को पूरा करते हुए आगे बढ़ता है। ऐसा करते समय वो अनेक बाधाओं से तो लड़ता ही है लेकिन साथ में यह भी सुनिश्चित करता है कि उनके बाद किसी को भी इन बाधाओं से होकर न गुजरना पड़े। अपनी सभी जिम्मेदारियों को उठाते हुए एक पुरुष यह भी सुनिश्चित करता है कि उसकी वजह से किसी को कोई भेदभाव न झेलना पड़े। वह जेंडर इक्वलिटी के लिए अपनी आवाज बुलंद करता है। अपने साथ अपनी टीम को आगे बढ़ाने के लिए काम करता है। जो सफलता में पीछे खड़ा रहता है लेकिन असफलताओं के मौके पर आगे आकर जिम्मेदारी लेता है। समाज रूपी गाड़ी को सही से चलाने के लिए यह बेहद जरूरी है कि महिलाएं उसका विरोधी होने के बजाय सहयोगी बने। उन्हें किसी भी भेदभाव का सामना न करना पड़े। मानवीय रिश्तों में दुनिया में सबसे बड़ा स्थान मां के रूप में नारी को दिया जाता है, लेकिन एक बच्चे को बड़ा और सभ्य बनाने में उसके पिता के रूप में पुरुष का योगदान कम करके नहीं आंका जा सकता। बच्चे को जब कोई खरोंच लग जाती है तो जितना दर्द एक मां महसूस करती है, वही दर्द एक पिता भी महसूस करते हैं। पिता बेटा की चोट देख कर कठोर इसलिये बना रहता है ताकि वह जीवन की समस्याओं से लड़ने का पाठ सीखे, सख्त एवं निडर बनकर जिंदगी की तकलीफों का सामना करने में सक्षम हो। महिला ममता का सागर है पर पुरुष उसका किनारा है। महिला से ही बनता घर है पर पुरुष घर का सहारा है। महिला से स्वर्ग है महिला से बैकुंठ, महिला से ही चारों धाम है पर इन सब का द्वार तो पुरुष ही है। उन्हीं पुरुषों के सम्मान में पुरुष दिवस मनाया जाता है। कुछ वर्ष पूर्व भारत में सक्रिय अखिल भारतीय पुरुष एशोसिएशन ने भारत सरकार से एक खास मांग की कि महिला विकास मंत्रालय की भांति पुरुष विकास मंत्रालय का भी गठन किया जाये। इसी तरह यूपी में भारतीय जनता पार्टी के कुछ सांसदों ने यह मांग उठाई थी कि राष्ट्रीय महिला आयोग की तर्ज पर राष्ट्रीय पुरुष आयोग जैसी भी एक संवैधानिक संस्था बननी चाहिए। इन सांसदों ने इस बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भी लिखा था।

पत्र लिखने वाले एक सांसद हरिनारायण राजभर ने उस वक्त यह दावा किया था कि पत्नी प्रताड़ित कई पुरुष जेलों में बंद हैं, लेकिन कानून के एकतरफा रुख और समाज में हंसी के डर से वे खुद के ऊपर होने वाले घरेलू अत्याचारों के खिलाफ आवाज नहीं उठा रहे हैं। प्रश्न है कि आखिर पुरुष इस तरह की अपेक्षाएं क्यों महसूस कर रहे हैं? लगता है पुरुष अब अपने ऊपर आघातों एवं उपेक्षाओं से निजात चाहता है। तरह-तरह के कानूनों ने उसके अस्तित्व एवं अस्मिता को धुंधलाया है। जबकि आज बदलते वक्त के साथ पुरुष अब अधिक जिम्मेदार और संवेदनशील हो चुका है। कई युवा पुरुष समाज-निर्माण की बड़ी जिम्मेदारियों को उठा रहे हैं और अपनी काबिलीयत व जुनून से यह साबित भी कर रहे हैं। आज का पुरुष सिर्फ खुद को नहीं बल्कि महिलाओं के साथ कदम मिलाकर आगे बढ़ता है। वह यह सुनिश्चित कर रहा है कि उन्हें भी आगे बढ़ने के समान अवसर मिलें व उन्हें किसी भी भेदभाव का सामना न करना पड़े। यह परिवर्तन आज सभी इंडस्ट्री जैसे मीडिया, हॉस्पिटैलिटी, बैंकिंग, उद्योग, व्यापार आदि में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है, जहां महिलाएं शीर्ष पदों पर काम कर रही हैं। सिर्फ यही नहीं पुरुषों को अब महिलाओं के नेतृत्व में कार्य करने में भी झिझक नहीं महसूस होती। दुनिया के दूसरे देशों की तरह भारत भी घरेलू हिंसा की समस्या से जूझ रहा हैं। महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा को रोकने के लिए कठोर कानून भी बने हैं, लेकिन पुरुष भी घरेलू हिंसा का शिकार होते हैं। भारत में अभी तक ऐसा कोई सरकारी अध्ययन या सर्वेक्षण नहीं हुआ है जिससे इस बात का पता लग सके कि घरेलू हिंसा में शिकार पुरुषों की तादाद कितनी है लेकिन कुछ गैर सरकारी संस्थान इस दिशा में जरूर काम कर रहे हैं। ह्यसेव इंडियन फैमिली फाउंडेशनह्न और ह्यमाई नेशनह्न नाम की गैर सरकारी संस्थाओं के एक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि भारत में नब्बे फीसद से ज्यादा पति तीन साल की रिलेशनशिप में कम से कम एक बार घरेलू हिंसा का सामना कर चुके होते हैं। इस रिपोर्ट में यह भी तथ्य सामने आया है कि पुरुषों ने जब इस तरह की शिकायतें पुलिस में या फिर किसी अन्य प्लेटफॉर्म पर करनी चाही तो लोगों ने इस पर विश्वास नहीं किया और शिकायत करने वाले पुरुषों को हंसी का पात्र बना दिया गया।

लेकिन यह एक सच्चाई है कि अब महिलाओं की भांति पुरुष भी हिंसा, उत्पीडन एवं उपेक्षा के शिकार है। वे भी अपने अस्तित्व की सुरक्षा एवं सम्मान के लिये आवाज उठाना चाहते हैं। बड़ा सच है कि जीवन में जब भी निर्माण की आवाज उठेगी, पौरुष की मशाल जगेगी, सत्य की आंख खुलेगी तब हम, हमारा वो सब कुछ जिससे हम जुड़े होंगे, वो सब पुरुष का कीमती तौहफा होगा, इस अहसास को जीवंत करके ही हमें पुरुष-दिवस को मनाने की सार्थकता पा सकेंगे।

# उत्तर भारत में सर्दियों में बिगड़ती हवा की गुणवत्ता

डॉ सत्यवान सौरभ



**वायु** प्रदूषण वातावरण में पदार्थों की उपस्थिति है जो मनुष्यों और अन्य जीवित प्राणियों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, या जलवायु या सामग्री को नुकसान पहुंचाते हैं। उत्तर भारत में सर्दियों की हवा की गुणवत्ता में गिरावट ने एक बार फिर विशेष रूप से समाज में सबसे कमजोर लोगों के बीच स्वास्थ्य पर वायु प्रदूषण के नकारात्मक प्रभावों को उजागर किया है। पिछले कुछ सालों में ये एक सालाना रिवाज सा बन गया है कि दिल्ली-एनसीआर में सर्दियों के दौरान प्रदूषण सुर्खियों में रहता है, जो आमतौर पर दो-तीन महीने चलता है. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में, साल में कम से कम आधे समय हवा खराब रहती है. विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट, 2020 के अनुसार दुनिया के 30 सबसे प्रदूषित शहरों में से 22 भारत में हैं। दिसंबर 2020 में लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ में प्रकाशित इंडिया स्टेट लेवल डिजीज बर्डन इनिशिएटिव ने संकेत दिया कि भारत में 2019 में 1.7 मिलियन मौतें हुई जिसके लिए वायु प्रदूषण जिम्मेदार थीं। किसानों के एक वर्ग ने, विशेष रूप से पंजाब में, गेहूं की कटाई के बाद अवशेषों को जला दिया, भले ही चारे की कीमतें बढ़ गईं। कई किसान बताते हैं कि जल्दी में होने के कारण उन्होंने पराली जलाना शुरू कर दिया- राज्य ने धान बोने के लिए 10 जून की तारीख तय की थी। 2019 में भारत में सभी मौतों के 17.8% और श्वसन, हृदय और अन्य संबंधित बीमारियों के 11.5% के लिए प्रदूषण का अत्यधिक स्तर जिम्मेदार है। पराली जलाने से निपटने के लिए100% केंद्रीय वित्त पोषित योजना के तहत, ऐसी मशीनें जो किसानों को इन-सीटू प्रबंधन में मदद करती हैं - मिट्टी में वापस ठूंठ डालकर - व्यक्तिगत किसानों को 50% सब्सिडी और कस्टम हायरिंग सेंटर (सीएचसी) पर प्रदान की जानी थी। जबकि हरियाणा ने अब तक 2,879 सीएचसी स्थापित किए हैं और लगभग 16,000 पुआल प्रबंधन मशीनें प्रदान की हैं, इसे 1,500 और स्थापित करना है और लगभग उतनी ही पंचायतों को कवर करना है, जहां यह अब तक पहुंच चुका है। इसी तरह, पंजाब, जिसने अब तक 50,815 मशीनें प्रदान की हैं, को 5,000 और सीएचसी स्थापित करने की आवश्यकता होगी - जबकि पहले से ही 7,378 स्थापित किए जा चुके हैं - और इसकी 41 फीसदी पंचायतों तक पहुंच होनी चाहिए। केंद्र ने डीजल और पेट्रोल से चलने वाले वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने और भारत में इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहनों को बढ़ावा देने के लिए 2015 में फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ (हाइब्रिड) और इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (फेम) इंडिया स्कीम शुरू की है। योजना को अधिक से अधिक अपनाने के लिए दो साल के लिए बढ़ा दिया गया है। 13 अगस्त, 2021 को लॉन्च की गई व्हीकल स्क्रैपेज पॉलिसी, भारतीय सड़कों पर पुराने वाहनों को आधुनिक और नए वाहनों से बदलने के लिए सरकार द्वारा वित्त पोषित कार्यक्रम है। इस नीति से प्रदूषण कम होने, रोजगार के अवसर सृजित होने और नए वाहनों की मांग बढ़ने की उम्मीद है। अगस्त 2021 में प्रधान मंत्री ने कार्बन उत्सर्जन को कम करने और वायु गुणवत्ता में सुधार करने के लिए 2025 तक पेट्रोल में इथेनॉल सम्मिश्रण के लक्ष्य को 20 प्रतिशत तक बढ़ाने की घोषणा की। अगस्त 2021 में, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन संशोधन नियम, 2021 को अधिसूचित किया गया था, जिसका उद्देश्य 2022 तक एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक को समाप्त करना है। प्लास्टिक और ई-कचरा प्रबंधन के लिए विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व पेश किया गया है। ग्रीन इंडिया मिशन का कार्यान्वयन भारत में पांच मिलियन हेक्टेयर की सीमा तक ग्रीन कलर बढ़ाने और अन्य पांच एमएचए पर मौजूद ग्रीन कवर की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए किया गया है। सरकार ने राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के प्रारूपण के साथ वायु प्रदूषण को एक अखिल भारतीय समस्या के रूप में स्वीकार किया, जिसका उद्देश्य पूरे भारत में वायु गुणवत्ता की निगरानी के लिए संस्थागत क्षमता का निर्माण और उसे मजबूत करना था, स्वास्थ्य प्रभावों को समझने के लिए स्वदेशी अध्ययन करना था। नीति-निर्माण करते समय चाहे वह पराली जलाना हो या थर्मल पावर प्लांट उत्सर्जन, स्वास्थ्य पर उनके संभावित प्रभावों पर विचार किए बिना निर्णय किए जाते हैं। नीति निमार्ताओं के बीच स्वास्थ्य की समझ की कमी के परिणामस्वरूप, नीतियों का निर्माण और कार्यान्वयन समाज के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में बहुत कम जानकारी के साथ किया जाता है। नीति के लिए एक जोखिम-केंद्रित दृष्टिकोण को प्राथमिकता देना जो जोखिम को कम करने में सबसे अधिक योगदान देती हैं और इस प्रकार स्वास्थ्य लाभ उत्पन्न करेगी। राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों में न केवल स्थानीय परिस्थितियों बल्कि कमजोर समूहों पर जोखिम के प्रभाव को भी शामिल करें। सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल ने वायु प्रदूषण नीतियों के विकास में स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के आह्वान को प्रेरित किया है।

# निरंतर श्रम ,संयम और सार्थक मनोबल बड़े लक्ष्य, सफलता के सारथी

सफलता रातों रात नहीं मिलती,जो सफलता भाग्य से मिलती है वह जल्द खत्म भी हो सकती है इसिलए निरंतर मेहनत,श्रम करने आदत होनी चाहिए,साथ में यदि उच्च मनोबल हो तो सोने पे सोहागा होती है,और इससे प्राप्त सफलता स्थाई और चिरंतर होती है,जीवन में अच्छे लक्ष्य को लेकर की गई मेहनत सार्थक होती है और कभी व्यर्थ जाया नहीं होती है। वर्तमान के आपाधापी एवं कठिन जीवन शैली में हर व्यक्ति चाहता है कि उसे प्राथमिकता मिले और उसके सब कार्य तत्काल पूर्ण हो जाऐ भारत की जनसंख्या के हिसाब से हर स्थान, हर जगह जबरदस्त प्रतियोगिता का वातावरण निर्मित हो चुका है एक काम के लिए हजारों लोग लाइन में लगे हुए हैं, मूलत किसी पद को पाने के लिए इतनी ज्यादा प्रतियोगिता एवं प्रतिस्पर्धा है कि साधारण कद काठी एवं सामान्य व्यक्तित्व का व्यक्ति भीड़ में कहीं खो जाता है अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने से वंचित रह जाता है असफलता के कारण मानसिक दबाव जिंदगी भर रहने लगता है, ऐसे व्यक्तित्व विकास मनुष्य के जीवन में एक कड़ी और चुनौतीपूर्ण जीवन रेखा है।ऐसे में व्यक्ति को शानदार व्यक्तित्व बनाने के लिए बड़ी मेहनत एवं कठिन तपस्या की आवश्यकता होती है तभी वह इस प्रतिस्पर्धात्मक जीवन शैली में अपने आप को सही और सटीक स्थापित कर पाता है। व्यक्तित्व विकास के साथ मनुष्य अपना जीवन दूसरों की तुलना में बेहतर तरीके से गुजार पाता है, ऐसे में लोगों एवं आप के संपर्क में आने वाले व्यक्तियों के मन में आपके प्रति सकारात्मक एवं अच्छे विचार आते हैं आपका प्रभाव भी लोगों पर आपकी कार्यप्रणाली पर अच्छा होने लगता है अच्छे व्यक्तित्व का मालिक अपने प्रतिदिन के काम में सर्वश्रेष्ठ ऊर्जा तथा शक्ति प्रदान कर पाता है और धीरे-धीरे वह लोगों से अलग दिखाई देने लगता है, आमजन उससे जुड़ना चाहते है, और आपकी तरह बनने के सपने देखने लगते हैं।

वर्तमान समय में शायद ऐसा ही कोई व्यक्ति होगा जो शानदार व्यक्तित्व का धनी एवं मालिक ना बनना चाहता होगो यदि आपकी पर्सनैलिटी याने व्यक्तित्व साधारण एवं निम्न स्तर का है, तो आपको अपने व्यक्तित्व को निखारना ही होगा, तब जाकर आप किसी अच्छे पद,व्यवसाय किसी महान लक्ष्य को संचालित कर सकते हैं ऐसे में आप यदि नकारात्मक सोच के व्यक्ति हैं तो आपको अपने व्यक्तित्व निर्माण में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है, नकारात्मक सोच के व्यक्ति को हमेशा कार्यों में परेशानियों का सामना करना पड़ता है, और उसे इन्हीं परेशानियों का निदान भी सूझता नहीं है,पर जिनका का सकारात्मक रवैया होता है,उन्हें हर कठिनाई, परेशानी में निदान के उपाय एवं तरीके अपने सूझ बुझ से निकालने का फामूर्ला मालूम होता है, ऐसे व्यक्तियों का काम कभी रुकता नहीं और वे निर्बाध गति से आगे बढ़ते जाते हैं। यह सर्वविदित सत्य है की आपका संव्यवहार आपके व्यक्तित्व का दर्पण होता है हर कार्य के संचालन संपादन में आपके व्यक्तित्व की परछाई स्पष्ट परिलक्षित होती है, आपका व्यवहार आपके चरित्र तथा स्वभाव के बारे में सब कुछ बता देता है, और उसका इसका बड़ा व्यापक प्रभाव भी दृष्टिगोचर होता है, व्यक्तित्व विकास न सिर्फ आपकी निजी जिंदगी में प्रभाव डालता है वरन आपकी व्यवसाय और लक्ष्य में भी सकारात्मक एवं प्रभावकारी होता है जब आप एक अच्छे व्यक्तित्व और सकारात्मक विचार वान व्यक्ति होते हैं तो आप काफी उत्साही एवं आत्मविश्वास से भरपूर भी हो सकते हैं, और आत्मविश्वास से परिपूर्ण व्यक्ति जिंदगी में हर मुश्किल को पार कर एक सफल व्यक्तित्व का धनी हो जाता है उसे हर जगह सफलता ही सफलता प्राप्त होती है सफल व्यक्तित्व बनाने के लिए आप अपने व्यवहार को अत्यंत नम्र, शालीन और आत्मविश्वास से भरा ही रखें, किसी भी व्यक्ति से चाहे छोटा हो बड़ा हो अमीर हो गरीब हो मिलते समय उसका यथा योग्य अभिवादन शिष्टाचार पूर्वक अवश्य करें इससे आपकी पहुंच एवं प्रभाव का दायरा विस्तृत होने लगेगा, सफलता ही सफलता से आप आगे बढ़ने लगेंगे, किसी भी व्यक्ति से अशिष्टतापूर्वक व्यवहार न करें ,आपको यदि यह महसूस होता है कि सामने वाला कुछ गलती पर है या गलत कार्य कर रहा है तो उस पर नाराज ही जाए ना कर उसे बड़े ठंडे दिमाग से समझाई दीजिए, इससे आपका प्रभाव गलत ना होकर शानदार होने लगेगा।

# इधर के हुए न उधर के

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

**एक** अंग्रेजी माध्यम की पाठशाला में हिंदी अध्यापिका बच्चों को हिंदी पढ़ा रही थी। अध्यापिका ने देखा कि कक्षा में बच्चे बड़ी शरारत कर रहे हैं। उन्होंने सबको डाँटते-फटकारते हुए कहा चुपचाप बैठने के लिए कहा। बच्चों ने कहा, टीचर आपकी हिंदी हमारे पल्ले नहीं पड़ रही है। टीचर ने पलटकर कहा, डियर स्टूडेंट्स! आई एम गोइंग टु टीच यू हिंडी। बट वाई आर यू मेकिंग सच नॉइस। प्लीज डोंट मेक नॉइस। डियर स्टूडेंट्स हिंडी इज अवर ऑफिशियल लैंग्वेज। एक्चुअली इटीज वेरी इजी यू नो। फॉर एग्जांपल लेट्स राइट ह्यअह्न। फर्स्ट यू ड्रा ए स्टेट लाइन। देन अंडर स्ट्रेट लाइन राइट नंबर थ्री। देन ड्रा ए शार्ट स्ट्रेट लाइन इन द मिडिल। देन ड्रा स्टैंडिंग लाइन। दट्स इट। हिंडी इज वेरी वेरी इजी। बच्चे खुसुर-फुसुर करने लगे। एक बच्चे ने दूसरे से कहा, यह कैसी हिंदी कक्षा है। केवल विषय का नाम हिंदी है। लेकिन वही इसमें से गायब है। ऐसे में हम हिंदी खाक सीखेंगे। अंग्रेजी माध्यम का मतलब हिंदी को हिंडी बनाकर हमारा मर्डर करना है। हिंदी कक्षा का नाम सुनते ही कान में से खून निकलने लगता है। यह अंग्रेजी का भूत हमारी जान लेकर ही छोड़ेगा। टीचर ने बच्चों की खुसुर-फुसुर रोकते हुए कहा, चिल्ड्रेन फ्रॉम नेक्स्ट क्लास वी विल लर्न पड्य। तभी एक लड़के ने दूसरे से पूछा यह ह्यपड्यह्न क्या है? दूसरे ने जवाब दिया झ पद्य। टीचर आगे कहने लगी, टुलसी वाज ए ग्रेट पोएट। ही वाज डिवोटी ऑफ लॉर्ड रामा। ही रोट मेनी बुक्स। हीज फेमस बुक इज रामाचरिटामानसा।

# डीएम की जनचैपाल: ललकारा- कोई समस्या हो बतायें

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट। जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द ने अकबरपुर गांव में शीतकालीन जनचैपाल में प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा, आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड, दिव्यांग, विधवा पेंशन, शौचालय, गांव में रास्ता, गौशाला, कन्या सुमंगला योजना, विद्युत, प्राथमिक विद्यालय, किसान सम्मान निधि, हैण्डपम्प रिबोर, नाली निर्माण, इंटरलॉकिंग निर्माण, संचारी रोग नियंत्रण, सुमन आजीविका समूह, गायत्री आजीविका समूह, उज्जवला योजना आदि ग्रामीण समस्याओं पर जनता से वातार्लाप किया। शुक्रवार को जिलाधिकारी ने कहा कि जिस विभाग से किसी को कोई समस्या हो, तत्काल निराकरण करायें। मनरेगा में कहा कि पात्रों को जिनके जाबकार्ड नहीं बनें, बनवायें। गोल्डन कार्ड के बारे में पूंछकर कहा कि आशा रात को गांव में आती है या नहीं। हर घर जाती है या नहीं। कोई शिकायत हो बतायें। आशाओं से कहा कि लोगों के कार्य करने को गांव में जायें। कार्य न करने पर सेवा समाप्त कर दी जायेगी। कोटेदारों से वार्ता की। गांव वालों ने कहा कि



कोई समस्या नहीं है।

उन्होंने संचारी रोग नियंत्रण में पूंछा कि गांव में फागिंग हुई है या नहीं। ग्रामीणों ने कहा कि फागिंग हुई है। जिलाधिकारी ने हिदायत दी की प्रधान व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मिलकर गांव में अच्छे ढंग से फागिंग करायें। उज्जवला कनेक्शन में पात्रों को कनेक्शन नहीं मिले तो कैम्प लगाकर कनेक्शन करायें। शासन की मंशानुरुप गुणवत्तापूर्ण कार्य करायें। किसी कार्य में लापरवाही बर्दास्त नहीं होगी। इस मौके पर सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, एसडीएम राजबहादुर, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, बीडीओ आस्था पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक बलिराज राम, बीएसए लवप्रकाश यादव, डीएसओ बीके महान, समाजकल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया, जिला दिव्यांग अधिकारी प्रतिभा पाल, सचिव मान सिंह, प्रधान गुडिया सिंह आदि मौजूद रहे।

## अकबरपुर स्कूल का किया औचक निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट। जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द ने अकबरपुर गांव में प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण कर शौचालय, कार्यालय, कक्षा दो, कक्षा पांच व रसोई घर देखा। उन्होंने कहा कि सभी कमरों में टाइल्स लगे हैं या नहीं। जिन कमरों में पंखा नहीं है, तत्काल लगवायें। रंगाई-पुताई भी करायें। सीढियां खराब होने पर सचिव व प्रधान से कहें कि जल्द मरम्मत करायें। हैण्डपम्प की फर्श टूटी देखकर प्रधान से कहा कि एसएलडब्ल्यू के मद से हैण्डपम्प सही करायें। नाली को लोहे की जाली से ढकवायें, ताकि गन्दगी न फैले। कैम्पस में साफ-सफाई चैकस रहनी चाहिए। प्राथमिक विद्यालय से अजय सिंह के घर तक राष्ट्रीय राजमार्ग से दिनेश पटेल के घर तक बने इंटरलॉकिंग सडक को भी देखा। इस मौके पर भी उक्त अधिकारीगण मौजूद रहे।

# थानाध्यक्ष से कार्यवाही की मांग करते सरयू केशरवानी।

## मंत्री नन्दी की छवि को नवीन यादव ने पहुंचाई क्षति



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट। म**ऊ तहसील के मऊ कस्बे के सरयू प्रसाद केशरवानी पुत्र स्व राजाराम ने थानाध्यक्ष को दी तहरीर में कहा कि फेसबुक आईडी में उनका प्रोफाइल लगाकर सूबे के कैबिनेट मंत्री नन्दगोपाल गुप्ता उर्फ नन्दी व केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की छवि धूमिल की गई है। उन्होंने ऐसा करने वाले मऊ कस्बे के नवीन यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

शुक्रवार को मऊ कस्बे के सरयू केशरवानी ने थानाध्यक्ष को दी तहरीर में कहा कि उनकी फेसबुक आईडी एसपी केसरी के नाम से बनी है। व्यापारी नेताओं एवं सूबे के कैबिनेट मंत्री

नन्दगोपाल गुप्ता की पोस्ट को उन्होंने 17 नवम्बर को केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के साथ की थी। 17 नवम्बर की ही रात उनके शेयर की गई पोस्ट को रात में ही दस-11 बजे के बीच में नवीन यादव निवासी मऊ ने लोगों में भय फैलाने व असलहों के साथ प्रोफाइल फोटो लगाकर वैध समाज के कर्णधार मंत्री नन्दी को आपत्तिजनक गाली-गलौज एवं अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करते हुए उनके सम्मान को ठेंस पहुंचाई है। इससे उन्हें बेहद आघात लगा है।

केशरवानी ने थानाध्यक्ष से सामाजिक समरसता को देखते हुए ऐसे अपराधतत्व के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर कानूनी कार्यवाही की मांग की हे।

# तीन पर गुण्डा एक्ट से अराजकतत्वों में मची हलचल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट। पुलिस** अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर राजापुर थानाध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह ने जनता में भय फैलाकर गुण्डागर्दी फैलाने वाले तीन लोगों के खिलाफ गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। शुक्रवार को राजापुर थानाध्यक्ष दीपेन्द्र कुमार सिंह ने आम जनता में भय फैलाकर आतंक कर गुण्डागर्दी करने वाले श्रीकिशन पुत्र देवराज निवासी रुपौली, अनिल तिवारी पुत्र संतोष तिवारी निवासी रुपौली व मनीष त्रिपाठी पुत्र हर्ष त्रिपाठी निवासी रुपौली के खिलाफ श्रीयूपी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। इससे अराजकतत्वों में हलचल मची है। इसी क्रम में जिले की पुलिस टीमों ने थाना क्षेत्रों के बैंकों की जांचकर सुरक्षा रजिस्टर देखा। ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को सुरक्षा बाबत निर्देश दिये। बैंक में लगे अलार्म, सायरन, सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण कर देखा कि सही ढंग से काम कर रहे हैं या नहीं। शाखा प्रबंधकों को सुरक्षा बाबत निर्देश दिये। बैंक परिसर में संदिग्धों की जांचकर अनावश्यक बैठे लोगों को बैंक से भगाया। बहिलपुरवा थाना पुलिस के दरोगा दृगपाल सिंह की टीम ने वारंटी लल्ली यादव पुत्र लालदास व राजकुमार पुत्र श्रीपाल निवासी सेहरिन को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

# उन्नाव एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना द्वारा किया गया साप्ताहिक परेड का निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**उन्नाव । पुलिस** अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीना द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउन्ड पर शुक्रवार को साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन किया गया। तथा बेहतर टर्नआउट वाले पुलिसकर्मियों की प्रशंसा की गई। साथ ही परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं निर्धारित वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया।



तत्पश्चात पुलिसकर्मियों में शारीरिक दक्षता विकसित करने हेतु दौड़ लगवाई गई। और एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल भी करवाई गई। और उसे अधिक बेहतर तरीके से कराने के लिए प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

परेड में क्षेत्राधिकारी नगर आशुतोष कुमार, क्षेत्राधिकारी दीपक कुमार सिंह एवं प्रतिसार निरीक्षक राजकुमार मिश्र तथा विभिन्न थानों, कार्यालयों, शाखाओं एवं पुलिस लाइन के पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए। तदोपरांत एसपी द्वारा क्वार्टर गार्द, पीआरवी वाहनों एवं एमटी शाखा का निरीक्षण भी किया गया।

# जमींन से कब्जा हटवाए जाने की लोगों ने की मांग ग्रामीणों द्वारा की जा चुकी हैं कई बार शिकायतें

**अखंड भारत संदेश**

**बांगरमऊ उन्नाव । ग्राम इस्माइलपुर** आंबापारा के चकरोड की भूमि पर अवैध कब्जा कर हो गई है प्लाटिंग। सबसे अहम बात यह है कि कब्जा और कोई नहीं प्रधान ने कर रखा है। जिसकी शिकायत जन सुनवाई मुख्यमंत्री पोर्टल पर करने के बाद भी अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। जबकि जिले की जिलाधिकारी महोदया अपूर्वा दुबे ने कहाज है कि यदि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया गया है तो उसको तुरंत खाली कराया जाये। किंतु तहसील बांगरमऊ के अधिकारियों को दंबग लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने में डर लग रहा है। तभी तो शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। यह सब लेखपाल और प्रधान की मिली भगत से हो रहा है लेखपाल को काल करने पर कोई जवाब नहीं मिलता है। स्थानीय अधिकारियों की हीलाहवाली के के चलते भू माफिया फल फूल रहे हैं। तथा सरकारी भूमि पर कब्जा करने से डरते नहीं। पूंछने पर भी अवैध कब्जा की गई भूमि के बारे में कोई जानकारी नहीं देते हैं। न ही यह पता चल पाता है कि भूमि अधिग्रहण किस व्यक्ति के द्वारा किया गया है। इस्माइलपुर आंबापारा की अवैध कब्जा की गई भूमि बांगरमऊ संडीला रोड पर होने से लाखों रुपए कीमत की है। चकरोड की भूमि होने से लोगों को परेशानी तो बहुत होती है। लेकिन दबंग व्यक्तियों के सामने कुछ भी कह पाने से डरते हैं। अवैध भूमि पर कब्जा किए व्यक्तियों के रसूखदार होने से लोग खुल कर शिकायत करने से परहेज करते हैं। क्योंकि दबंग लोगों का साफ कहना है। कि अगर किसी ने शिकायत की तो अंजाम भुगतने को तैयार रहें।

जब कोई शिकायत भी करता है तो तहसील के अधिकारी कोई सख्ती न दिखाते हुए दंबग लोगों का ही साथ देते हैं। और शिकायत कर्ता को उल्टा समझाते हैं कि बड़े लोगों के चक्कर में मत पड़ो। उनका तो कुछ कर नहीं सकते हो मगर तुम्हें मिलने वाली सुविधाओं से वंचित कर दिया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि अगर कार्यवाही नहीं होती है तो मुख्यमंत्री दरबार में जाकर शिकायत करने से पीछे नहीं हटेंगे। अभी एक शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज है।

कार्यवाही नहीं हुई तो कोर्ट और सरकार से गुहार लगाई जाएगी तभी निर्णय हो पाएंगा। हंसराज, बिमलेश, विजयपाल, अन्य इस्माइलपुर आंबापारा निवासी लोगों का कहना है कि जब तक अवैध भूमि पर से कब्जा हटाया नहीं जाता तब तक अधिकारियों से शिकायत करने का दौर चलता रहेगा।

# कांग्रेस को मजबूत कर देश बचायें: कुशल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट। कांग्रेस** जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अगुवाई में भारत जोडो यात्रा के क्रम में जिला कचहरी परिसर से जैन पेट्रोल पम्प होते हुए रेलवे स्टेशन, धतुरहा चैराहा, रेलवे क्रासिंग, शंकर बाजार, बल्दाऊगंज तक पद यात्रा निकाली गई।

शुक्रवार को पद यात्रा दौरान शहर के व्यापारियों से जिलाध्यक्ष ने समस्यायें जानी। कहा कि भारत जोडो पद यात्रा पूरे शहर में घूमकर लोगों से समस्याओं के बारे में जानकारी कर रही है। समस्याओं के निदान को उच्चाधिकारियों से मिलकर समाधान कराया जायेगा। राहुल गांधी का संदेश पूरे शहर में घूमकर दिया जा रहा है। नफरत छोडो, भारत जोडो,



महंगाई हटाओ के नारे लगाते हुए कांग्रेसी प्रतिदिन पैदल चलकर भाईचारे का संदेश दे रहे हैं।

पीसीसी सदस्य रंजना बरातीलाल पाण्डेय ने कहा कि देश आज विषम हालातों से गुजर रहा है। रुपया डॉलर के मुकाबले कम हो रहा है। महंगाई-बेरोजगारी बढ रही है। सत्ता में बैठे लोग 2014 के पहले रुपया, महंगाई, बेरोजगारी को लेकर हल्ला मचाते थे। सत्ता पाते ही जनता का दुख-दर्द से कोई मतलब नहीं है। कांग्रेस जनहितों के लिए लगातार संघर्ष कर रही है। कांग्रेस के हाथों को मजबूत कर देश को बचायें। इस मौके पर कांग्रेसी अरुण गुप्ता, निरंजन कुशवाहा, राममिलन कुशवाहा, रीना कुशवाहा, कुलदीप मिश्रा, चुनबाद प्रसाद, मानवेन्द्र पटेल, सविता पाल, ओमप्रकाश गुप्ता, धर्मेन्द्र, अजय, पूनम आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

# एडीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्श समिति बैंकर्स की बैठक सम्पन्न

**उन्नाव । सरकारी** योजना अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निस्तारण एवं पीएम स्वनिधि अंतर्गत अधिक से अधिक ऋण वितरण हेतु अपरजिलाधिकारी नरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में पन्नालाल सभागार में शुक्रवार को जिला स्तरीय परामर्श समिति (डी.सी.सी) बैठक की गयी। एडीएम द्वारा अधिक से अधिक किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड योजनांतर्गत आच्छादित करने , एनआरएलएम में आ रहे लम्बित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण एवं पीएम स्वनिधि योजनाअंतर्गत लम्बित आवेदनों के शीघ्र निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। ज़िले में पीएम स्वनिधि योजना एवं अन्य सरकारी योजनाओं के सभी लक्ष्यों की शत प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने एम एस एम



ई क्षेत्र के लाभार्थियों का शत-प्रतिशत खाता खोलने एवं मुद्रा योजना अंतर्गत अधिक से अधिक ऋण वितरण करने के निर्देश दिए। बैठक में वार्षिक ऋण योजना 2022-23 एवं अन्य में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में प्रगति की समीक्षा की गई। फसली ऋण एवं किसान क्रेडिट कार्ड योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, उद्योग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति, खादी एवं ग्रामोद्योग योजना के अंतर्गत चलाई जा रही प्रगति आदि पर समीक्षा की गई। बैठक में आरबीआई अग्रणी जिला अधिकारी मोतीलाल, डीडीएम नाबार्ड रिचा बाजपेई, अग्रणी जिला प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा सहित संबंधित बैंकों के अधिकारी एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# मऊ के महाविद्यालय में वीरांगना ऊदा देवी को किया याद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट। म**ऊ कस्बे के महामति प्राणनाथ महाविद्यालय में वीरांगना ऊदा देवी को शहीद दिवस पर छात्र-छात्राओं ने वीरांगना की शौर्य गाथा सुनाई।



शुक्रवार को महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ एस कुरील ने कहा कि आज ही के दिन 1857 में अवध में अंग्रेजों के खिलाफ क्रान्ति का बिगुल फूंका गया था। अपने युद्ध कौशल की बदौलत ऊदा देवी ने 36 अंग्रेजों को मौत के घाट उतारा था। प्राचार्य डॉ संतोष कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि 1857 के स्वतंत्रता संग्राम दौरान बेगम हजरत महल में ऊदा देवी ने युद्ध की कमान अपने हाथों में ली थी। अंग्रेजों के सेनापति हर तरफ कान्तिकारियों के आन्दोलन को दबाने में लगे थे। अंग्रेजी सेना को रोकने की जिम्मेदारी ऊदा देवी को सौंपी गई थी।

उन्होंने बताया सिकंदर बाग के पास अंग्रेजों ने ऊदा देवी को घेर लिया था। वीरांगना ने हार नहीं मानी। 36 अंग्रेजों को मौत के घाट उतारकर वीरगति को प्राप्त हुई। उनका बलिदान देश कभी नहीं भूल पायेगा। प्राध्यापक पूरन सिंह ने

# मानिकपुर में बिहार के युवक की टेज्न से कटने पर हुई मृत्यु

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट। मानिकपुर** कोतवाली क्षेत्र के पनहाई व मानिकपुर रेलवे स्टेशन जंक्शन के बीच टेज्न से टकराने पर बिहार के एक युवक की मृत्यु हो गई। युवक घर से बाहर नौकरी की तलाश में निकला था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। ये हादसा गुरुवार को देर रात हुआ। बताया गया कि पनहाई व मानिकपुर स्टेशन के बीच पडने वाले मराठी पुल के पास बलिया एक्सप्रेस से कटकर युवक की मृत्यु हो गई। स्टेशन मास्टर को सूचना मिली तो मेमो से कोतवाली मानिकपुर में सूचना दी। पुलिस ने पहुंचकर शव के पास मिले आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त प्रवेश कुमार (19) पुत्र दारा सिंह निवासी बिहार के रुप में कर परिजनों को सूचना दी। सूचना पर यहां आये मृतक प्रवेश कुमार के पिता दारा सिंह ने बताया कि बेटा मंगलवार को देर रात दस बजे घर से बाहर कमाने को निकला था।

# 18 वर्ष पूरे होने पर डीएल बनवाकर ही चलायें वाहन: सीओ सिटी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट। पुलिस** अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर यातायात माह में जागरूकता अभियान के क्रम में सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य में हुई जागरूकता गोष्ठी में बच्चों से कहा कि अपने घर जाकर परिजनों को बतायें कि दो व चारपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व सीटबेल्ट अवश्य लगायें। शुक्रवार को पहाडी कस्बे के शान्ती देवी इंटर कालेज में हुई गोष्ठी में सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय ने दीप जलाकर गोष्ठी का शुभारम्भ कर कहा कि 18 वर्ष की उम्र होने पर ही ड्राइविंग लाइसेंस बनवाकर वाहन चलायें। उन्होंने शासन से जारी विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा व सभी थानों में स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साइबर अपराध के बारे में छात्रों को बताया कि किसी भी व्यक्ति के साथ साइबर ठगी होने पर तुरन्त साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर शिकायत दर्ज करायें। गोष्ठी में मौजूद पायनियर्स क्लब अध्यक्ष केशव शिवहरे ने कहा कि प्रत्येक वर्ष नवम्बर माह में यातायात पुलिस जनता को जागरूक करती है। 70 फीसदी मृत्यु हादसों में होती हैं। सभी के लिए चुनौती है। यातायात निरीक्षक मनोज कुमार ने कहा कि



वाहन चलाते समय मोबाइल फोन व हेडफोन का प्रयोग न करें। थाना पहाडी राम सिंह ने बच्चों से कहा कि माल वाहक वाहनों में यात्रा न करें। यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव ने यातायात नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि हादसों में घायल की मदद करें।

परिवहन विभाग हादसे में घायलों की मदद करने वालों को नकद पुरस्कार देता है। गोष्ठी में प्रधानाचार्य शिवबरन त्रिपाठी ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कालेज प्रबंधक सुनील कुमार सिंह ने आभार जताया। इस मौके पर यातायात आरक्षी मदन कुमार व छात्र-छात्रायें मौजूद रहे।

## ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री मार्च में आएंगे भारत

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज अगले साल मार्च में भारत की यात्रा करेंगे। इस यात्रा में उनके साथ उच्चस्तरीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी होगा। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों इंडोनेशिया के बाली में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से दुनियाभर के शीर्ष नेताओं के साथ अल्बानीज ने मुलाकात की थी। अल्बानीज ने कहा है कि बाली में नरेन्द्र मोदी के साथ हुई मुलाकात में ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच घनिष्ठ आर्थिक सहयोग समझौते को अंतिम रूप देने पर चर्चा हुई। ऑस्ट्रेलिया चाहता है कि भारत के साथ आर्थिक संबंधों का विस्तार गहो। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं मार्च में भारत दौरे पर जाऊंगा। हम एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल को भारत ले जाएंगे और यह एक महत्वपूर्ण यात्रा होगी और दोनों देशों के बीच संबंधों में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि क्वाड लीडर्स मीट के लिए मोदी अगले साल ऑस्ट्रेलिया आएंगे। इसके बाद मैं जी-20 समिट के लिए साल के अंत में भारत जाऊंगा।

## हादसा नहीं सुनियोजित साजिश थी पाकिस्तानी पत्रकार की हत्या, केन्याई मानवाधिकार आयोग का दावा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी पत्रकार अरशद शरीफ की हत्या मामले में केन्या के मानवाधिकार आयोग ने बड़ा खुलासा किया है। आयोग की ओर से कहा गया है कि पत्रकार अरशद शरीफ की हत्या सुनियोजित तरीके से की गई थी। केन्याई मानवाधिकार आयोग के वरिष्ठ प्रोग्राम एडवाइजर मार्टिन मावेनजिना ने एक पाकिस्तानी चैनल से कहा कि 23 अक्तूबर को अरशद शरीफ की हत्या की गई थी। चार नवंबर को केन्याई ऑटोप्सी रिपोर्ट में कहा गया कि उन पर करीब से दो गोलियां चलाई गई थीं। केन्याई अधिकारी ने कहा कि इस मामले में यह बड़ा तथ्य है, जो बहुत कुछ इशारा करता है।

**सुरक्षा अधिकारियों को अरशद शरीफ के बारे में कैसे पता चला**

केन्याई अधिाकरी ने कहा, अरशद शरीफ मामले में कई सवाल उठते हैं। सुरक्षा अधिकारियों को उस विशिष्ट स्थान पर अरशद शरीफ की मौजूदगी का पता कैसे चला? और दावा किया गया कि वह गलत पहचान के बहाने वहां छिप गए थे। उन्होंने कहा, केन्या पुलिस इस मालमे में दोषी है। इस मामले में कहा गया है कि शरीफ जिस वाहन से यात्रा कर रहे थे, वह ड्क8 लैंड क्रूजर थी। यह गाड़ी कैबिनेट सदस्यों, सांसदों और वीआईपी द्वारा उपयोग की जाती है।

**शरीफ के हमलावरों को मिली थी ट्रेनिंग**

केन्याई वकील और अधिकारी की ओर से दावा किया गया कि शरीफ के हमलावरों को लंबे समय से प्रशिक्षित किया जा रहा था। क्योंकि, आम तौर पर एक चलते वाहन में किसी व्यक्ति पर हेडशॉट लगाना मुश्किल होता है।

**इमरान के करीबी थे शरीफ**

एआरवाई टीवी के पूर्व एंकर शरीफ (49 वर्षीय) पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान के नजदीकियों के लिए जाने जाते थे। इस साल के शुरुआत में एजेंसियों ने उनके खिलाफ देशद्रोह और राज्य विरोधी नैरेटिव को आगे बढ़ाने के आरोप में मामले दर्ज किए थे। इसके बाद वह देश से छोड़कर भाग गए थे। वह पहले दुबई पहुंचे, फिर लंदन और फिर केन्या।

## भारत समेत इन देशों को मिले सुरक्षा परिषद की स्थाई सीटें, ब्रिटेन ने यूएन में की मांग

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार और भारत को स्थाई सदस्यता की लंबे से उठ रही मांग का ब्रिटेन भी समर्थन किया है। यूएन में ब्रिटेन की स्थायी प्रतिनिधि बारबरा वुडवर्ड ने भारत, जर्मनी, जापान और ब्राजील के लिए नई स्थाई सीटों की मांग की है। बारबरा वुडवर्ड ने कहा कि ब्रिटेन लंबे समय से सुरक्षा परिषद के विस्तार की मांग कर रहा है। हम भारत, जर्मनी, जापान और ब्राजील के लिए नई स्थायी सीटों की व्यवस्था के साथ-साथ स्थायी अफ्रीका के स्थाई प्रतिनिधित्व का भी समर्थन करते हैं। बता दें, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के वर्तमान में पांच स्थाई सदस्य हैं। इनमें अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस व ब्रिटेन शामिल हैं। वैश्विक आबादी व अर्थव्यवस्था व नई भू राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए स्थाई सदस्य देशों की संख्या बढ़ाने की मांग लंबे समय से हो रही है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने भी संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में जी-4 की तरफ से अपना बयान दिया। इसमें उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में समान प्रतिनिधित्व पर जोर दिया। कंबोज ने ट्वीट कर बताया कि ÷आज मैंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में समान प्रतिनिधित्व पर यूएनजीए में जी-4 की तरफ से बयान दिया। लंबे समय से सुरक्षा परिषद में सुधार रुका हुआ है, प्रतिनिधित्व में कमी अधिक है, जो सुरक्षा परिषद की वैधता और प्रभावशीलता के लिए एक अपरिहार्य पूर्व शर्त है।

# कनाडाई प्रधानमंत्री और चीनी राष्ट्रपति की नोक-झोंक पर चीन ने दी सफाई

**- जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई थी ट्रूडो और जिनपिंग में बहस**

**बीजिंग।** इंडोनेशिया के बाली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई बहस व नोकझोंक पर चीन ने सफाई दी है। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच गर्मागर्मी साफ दिखाई दी थी। दरअसल, जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच 15 नवंबर को सीधी बातचीत हुई थी। इस बातचीत का ब्यौरा कनाडा की मीडिया तक पहुंच गया, जिसे लेकर जिनपिंग भड़क गए थे। अगले दिन जब



ट्रूडो से उनका सामना हुआ तो जिनपिंग ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा था कि बातचीत का यह अच्छा तरीका नहीं है कि सारी बातें मीडिया को बता दी जाएं। इस पर ट्रूडो ने जिनपिंग से कहा कि कनाडा में वे स्वतंत्र, खुली और स्पष्ट बातचीत में विश्वास रखते हैं और यही आगे भी होगा। उन्होंने कहा कि कनाडा रचनात्मक रूप से काम करना जारी रखेगा, किन्तु असहमति वाले विषयों पर असहमति भी दर्ज कराई जाएगी।

ट्रूडो और जिनपिंग की नोकझोंक की तस्वीरें भी सार्वजनिक रूप से वायरल हो गयीं और फिर इन पर भी दुनिया भर में चर्चा शुरू हो गयी। इसके बाद चीन की ओर से इस मसले पर सफाई दी गयी है। चीन की ओर से कहा गया है कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने किसी की आलोचना नहीं की थी। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि जो वीडियो दिखाया जा रहा है, वह सामान्य बातचीत का वीडियो है। इसी किसी की आलोचना के रूप में नहीं दर्शाया जाना चाहिए।

दरअसल, चीन में मीडिया स्वतंत्र नहीं है और वहां वही छपता व दिखाया जाता है, जो सरकार चाहती है। इसके विपरीत कनाडा के मीडिया ने कनाडाई प्रधानमंत्री और चीनी राष्ट्रपति के बीच हुई बातचीत खुल कर सामने ला दी थी। कनाडा के 2019 के चुनावों में चीनी दखल के आरोप लगे थे। कनाडाई मीडिया के मुताबिक जिनपिंग से बातचीत में ट्रूडो ने खुल कर कह दिया था कि चीन द्वारा कनाडा की राजनीति में दखल देने के आरोप गंभीर हैं और ऐसा नहीं होना चाहिए।

# कीव में रूसी क्रूज मिसाइल को यूक्रेन ने आसमान में मार गिराया

**कीव।** रूसी क्रूज मिसाइल को यूक्रेन ने कीव के आसमान में मार गिराया। यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्रों को निशाना बनाने के साथ रूस ने हमला करते हुए विशाल राकेट बूस्टर फैक्ट्री पर मिसाइल हमला किया है। हमले में एक बैराज, ऊर्जा, बुनियादी ढांचे, अपार्टमेंट की इमारतों और एक औद्योगिक स्थल को नुकसान पहुंचा। अधिकारियों ने कहा कि देशभर में ड्रोन और मिसाइल हमलों में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गये।

सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियों में यूक्रेन की राजधानी कीव में रूसी कैलिब्र क्रूज मिसाइल को एंटी मिसाइल (सरफेस टू एयर मिसाइल) द्वारा ध्वस्त कर दिया गया। चश्मीद द्वारा रिकॉर्ड किए गए इस वीडियो



में एक मिसाइल को घरों के ऊपर रूसी कैलिब्र क्रूज मिसाइल को उड़ते देखा जा सकता है, जिसे एंटी मिसाइल (सरफेस टू एयर मिसाइल) द्वारा मार गिराया गया।

बता दें कि यूक्रेन के अलग-अलग हिस्सों में गोलाबारी की खबरों और देश में बड़े पैमाने पर मिसाइल हमलों की आशंका के बीच पोलतावा, खार्कीवस, खमेल्नित्स्की और रिव्ने क्षेत्र के अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से बम रोधी आश्रयों में रहने की अपील की। रूस ने इससे पहले मंगलवार को यूक्रेन में कई मिसाइलें दागी थीं। उसने यूक्रेन के ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर अब तक का सबसे बड़ा हमला किया था।

यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख एंड्री यरमक ने एक टेलीग्राम पोस्ट में ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमले को 'हारे हुए कायर लोगों की बचकानी रणनीति' बताया। उन्होंने लोगों से हवाई हमलों के सायरन को नजरअंदाज नहीं करने की अपील करते हुए कहा, 'यूक्रेन पहले ही दुश्मन के बेहद कठोर हमलों का डटकर सामना कर चुका है।

## चीन के खतरे से निपटने की बड़ी रणनीति बनाएं, अमेरिकी सांसदों का बाइडन से आग्रह

**कीव।** चीन की बढ़ती आक्रामकता पर काबू करने व इस खतरे से निपटने के लिए अमेरिका में मांग उठने लगी है। रिपब्लिकन पार्टी के दो प्रभावशाली सीनेटरों ने राष्ट्रपति जो बाइडन को लिखे पत्र में मांग की है कि वे चीन को लेकर बड़ी रणनीति बनाएं। अमेरिकी सीनेटर जिम रिश और मिट रोमनी ने लिखे पत्र में कहा कि बाइडन प्रशासन पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के खिलाफ व्यापक रणनीति तैयार करे। इस पत्र की प्रतिलिपि मीडिया में जारी की गई है। इसमें अमेरिकी सांसदों ने कहा कि अमेरिका को चीन की बेरोकटोक आक्रामकता को रोकने के लिए तेजी से कदम उठाना चाहिए।

अमेरिकी सीनेटरों ने पत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता के उदाहरण भी दिए हैं। उन्होंने लिखा कि चीन ने सैन्य और परमाणु शस्त्रों का निर्माण तेज किया है। समुद्री क्षेत्र में नेविगेशन की आजादी का उल्लंघन करने के साथ भारत और जापान के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाया। पत्र में ताइवान के प्रति लगातार चीन के लगातार बढ़ते आक्रामक रवैये और ताकत के दम पर इसे फिर से चीन में मिलाने की मंशा का उल्लेख है। पत्र में चीन में उइगर मुस्लिमों और हांगकांग के लोगों के क्रूर दमन, दक्षिण चीन सागर में बढ़ती सैन्य गतिविधियों, उग्र आर्थिक गतिविधियों का भी जिक्र है। सीनेटरों ने पत्र में अमेरिकी स्पीकर नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा के जवाब में चीन द्वारा बैलिस्टिक मिसाइलें दागने और ताइवान को घेरने जैसी आक्रामक कार्रवाई का भी उल्लेख किया है।

## सऊदी अरब ने दिया भारतीयों को वीजा में राहत का तोहफा, पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट को किया समाप्त

**नई दिल्ली।** सऊदी अरब जाने वाले भारतीयों के लिए वीजा में बड़ राहत देते हुए पुलिस क्लीयरेंस से राहत देते हुए इसे समाप्त कर दिया है। सऊदी अरब ने फैसला किया है कि अब भारतीय नागरिकों को अरब का वीजा पाने के लिए पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट (पीसीसी) की जरूरत नहीं होगी। नई दिल्ली में सऊदी अरब के दूतावास ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट कर यह जानकारी दी है।

दूतावास की ओर से कहा गया है कि अब वीजा के लिए पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट अब जरूरी नहीं होगा। यह फैसला दोनों देशों के संबंधों को और मजबूत करने के प्रयासों के तहत लिया गया है। पिछले कुछ सालों में भारत और सऊदी अरब के बीच राजनीतिक, सुरक्षा, ऊर्जा, व्यापार, निवेश, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और रक्षा क्षेत्रों में संबंध काफी मजबूत हुए हैं।

कोरोना महामारी के दौरान भी दोनों देशों के बीच अच्छे संबंध



देखने को मिले थे। इससे पहले सितंबर में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सऊदी अरब का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने भारत-सऊदी अरब द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की ओर क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की थी।

दिल्ली में सऊदी अरब के दूतावास ने अपने पत्र में कहा है कि वो उनके देश में शांति पूर्वक रह रहे 20 लाख से अधिक भारतीयों के योगदान की सराहना करता है। इससे पहले सऊदी का वीजा हासिल करनेके लिए भारतीय नागरिकों को भी पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट देने की जरूरत होती थी।

## अमेरिकी जनरल का दावा- रूस नहीं जीत पाएगा यूक्रेन से लड़ाई

**वाशिंगटन।** यूक्रेन पर रूसी हमले के नौ महीने होने वाले हैं। इस बीच अमेरिका के एक शीर्ष जनरल ने दावा किया है कि यूक्रेन के साथ शुरू की गयी यह लड़ाई रूस नहीं जीत पाएगा।रूस ने यूक्रेन पर इस वर्ष 24 फरवरी को हमला किया था। लगभग नौ महीने बीतने के बावजूद दोनों देशों के बीच घमासान जारी है। अब अमेरिका के शीर्ष सैन्य अधिकारी जनरल मार्क मिले के दावे ने रूस की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। यूक्रेन रक्षा संपर्क समूह की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में अमेरिकी ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टॉफ के अध्यक्ष जनरल मार्क मिले ने कहा कि यूक्रेन बहुत बड़ा देश है। यूक्रेन को जीतने और उस पर कब्जा करने की रूस की संभावना नगण्य या कहा जाए तो लगभग शून्य के बराबर है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि यूक्रेन अपने देश से रूस को पूरी तरह बाहर कर पाएगा, इसकी संभावना भी कम है। उन्होंने दावा किया कि इस समय यूक्रेन का



बीस प्रतिशत हिस्सा रूस के कब्जे में है।

जनरल मिले ने कहा कि सैन्य कार्रवाई के जरिए यूक्रेन से रूस को बाहर निकालना काफी मुश्किल है। यह तब तक नहीं हो सकता, जब तक कि रूसी सेना पूरी तरह से ध्वस्त नहीं हो जाती। उन्होंने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के नौ महीने के आसपास होने के बावजूद यूक्रेन के हिस्से में अधिक सफलताएं आई हैं और रूस हर पैमाने पर विफल रहा है। रूस इस युद्ध के माध्यम से जो हासिल करना चाहता था, वह हासिल नहीं कर सका है। यूक्रेन ने न सिर्फ हर पैमाने पर रूस का डटकर सामना किया, बल्कि मुंहतोड़ जवाब भी दिया है।

# बांग्लादेश में श्रद्धा से भी अधिक नृशंष हत्या, प्रेमी अबु बकर ने हिंदू प्रेमिका को दी खौफनाक मौत

**वाशिंगटन।** बांग्लादेश से एक हिंदू की नृशंस हत्या के बाद लव जिहाद की एक और चौंकाने वाली खबर सामने आई है। खुलना शहर के गोबरचाका इलाके में अबू बकर नाम के एक शख्स ने पहले एक हिंदू लड़की को प्रेमजाल में फंसाया, फिर बेरहमी से उसकी हत्या कर उसके कई टुकड़े कर दिए।

**हाथ गायब, सिर कटी लाश देख सन्न रह गई पुलिस**

मिलीं।

**सपना के साथ लिव-इन लेकिन कविता को भी प्रेम जाल में फंसाया**

पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार अबू बकर और उसकी लिव-इन पार्टनर सपना चार साल से



गोबरचक चौराहा नंबर 1 में मकान मालिक राजू के घर में पति-पत्नी के रूप में रह रहे थे। सपना शहर के प्रिंस अस्पताल में नर्स का काम करती हैं। पहले से इन रिलेशनशिप में होने के बावजूद अबु ने कविता को अफेयर में फंसा लिया।

**हत्या से कुछ दिन पहले कविता और अबू बकर की मुलाकात**

हत्या से कुछ दिन पहले कविता और अबू बकर की मुलाकात हुई थी। घटना के पांच दिन पहले ही आरोपी महिला से मिला था। वह 5 नवंबर 2022, शनिवार की शाम कविता को अपने किराए के मकान में लेकर आया था। उस समय सपना काम पर गई हुई थी क्योंकि वह अस्पताल में नाइट शिफ्ट में काम कर रही थी। दोनों ने कुछ देर तक समय बिताए फिर जो हुआ उसने कविता की जान ले ली।

**मकान मालिक ने पुलिस को दी जानकारी**

मकान मालिक ने पुलिस को बताया कि वह महिला को नहीं जानता है और वह अबू बकर की पत्नी नहीं है। बाद में पुलिस ने मृतका की पहचान कविता रानी के रूप में की। फरार अबू बक्र इस मामले में मुख्य संदिग्ध था, और पुलिस ने उसे 7 नवंबर 2022 को उसकी लिव-इन पार्टनर सपना के साथ गिरफ्तार कर लिया। बांग्लादेश की रैपिड एक्शन बटालियन ने 7 नवंबर, 2022 की सुबह हत्यारे अबू बकर को गिरफ्तार कर लिया। RAB-6 के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल मुश्ताक अहमद ने मीडियाकर्मियों को इस घटना की जानकारी दी।

**सपना के बारे में पता चलने पर भड़क गई कविता**

वॉयस ऑफ बांग्लादेश की एक पोस्ट के मुताबिक, पुलिस को प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कविता को अबु बकर के लिव-इन में होने की बात पता चल गई थी। इस वजह से दोनों के बीच विवाद हुआ था। स्थानीय पुलिस का कहना है कि अबु और कविता रिलेशनशिप में थे। कविता को अबू ने बताया था कि वो सिंगल है। लेकिन कुछ वक्त बाद उसे पता चला कि अबू उसे धोखा दे रहा है और पहले से शादीशुदा है। इसके बाद दोनों के बीच अक्सर लड़ाई होने लगी।

**ऐसे लगाया शव को ठिकाने**

शव को ठिकाने लगाने के लिए वह किचन से धारदार चाकू लेकर आया और कविता का सिर धड़ से अलग कर दिया। अबू बकर ने अपने कटे हुए सिर को पॉलीथिन बैग में लपेट लिया। उसके बाद दोनों हाथ भी काटकर नाले में फेंक दिए। बाकी लाश को उसने घर में ही एक डिब्बे में रख दिया।

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्

Title UPHIN 29506

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# भारत ने कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान को लगाई लताड़, कहा- झूठ फैलाने की कोशिश सफल नहीं होगी

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र में बहस के दौरान कश्मीर के मुद्दे को उठाने के लिए भारत ने पाकिस्तान को जमकर लताड़ लगाई और उसकी इस कोशिश को झूठ फैलाने के लिए हताशा भरा प्रयास बताया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में काउंसलर प्रतीक माथुर ने कहा कि आज जब हम यूएनएससी सुधारों पर चर्चा करने के लिए मिल रहे हैं, तो पाकिस्तान के एक प्रतिनिधि ने फिर से जम्मू-कश्मीर का अनुचित संदर्भ दिया है।

जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है, भले ही पाकिस्तान के प्रतिनिधि कुछ भी मानता हों। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक के दौरान जवाब देने के अधिकार का उपयोग कर उन्होंने भारत का पक्ष रखते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि झूठ फैलाने के पाकिस्तान के हताशा से भरे प्रयास और बहुपक्षीय मंचों का दुरुपयोग करने की बुरी आदत सामूहिक अवमानना और शायद सहानुभूति हासिल करने की कोशिश है। माथुर ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में संयुक्त राष्ट्र महासभा की महत्वपूर्ण बैठक के दौरान पाकिस्तान के झूठे दावों पर भारत की ओर से करारी प्रतिक्रिया दी। इससे पहले संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत रुचिरा कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के समान प्रतिनिधित्व पर यूएनजीए में जी4 देशों की ओर से वक्तव्य दिया। कंबोज ने ट्वीट किया कि आज मैंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के समान प्रतिनिधित्व पर यूएनजीए में जी4 का बयान दिया। इसमें उन्होंने कहा कि लंबे समय तक



सुधार रुका हुआ है, प्रतिनिधित्व में कमी अधिक है जो सुरक्षा परिषद की वैधता और प्रभावशीलता के लिए एक अपरिहार्य और पहले से तय शर्त है। जी4 देशों- ब्राजील, जर्मनी, जापान और भारत की ओर से बोलते हुए उन्होंने कहा कि सुरक्षा परिषद में सुधार जितने अधिक समय तक रुका रहेगा, प्रतिनिधित्व में इसका घाटा उतना ही अधिक होगा। प्रतिनिधित्व इसकी वैधता और प्रभावशीलता के लिए पहले से तय एक अपरिहार्य शर्त है।

भारत के स्थायी प्रतिनिधि ने जोर देकर कहा कि सुरक्षा परिषद को संपूर्ण सदस्यता की ओर से कार्य करने के लिए अपने चार्टर को उत्तरदायित्व के अनुरूप लाने का सही समय है। उन्होंने कहा कि दोनों श्रेणियों में सदस्यता बढ़ाए बिना इसे हासिल नहीं किया जा सकता है। केवल यही परिषद आज के वैश्विक संघर्षों और तेजी से जटिल और आपस में जुड़ी वैश्विक चुनौतियों का प्रभावी ढंग से प्रबंधन करने में सक्षम होगी।

**अफगानिस्तान में भारतीय परियोजनाओं पर लगा ब्रेक**

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत के स्थाई मिशन में काउंसलर आर मधुसूदन ने कहा कि अफगानिस्तान पर तालिबान शासन से पहले भारत ने वहां तीन अरब डॉलर की परियोजनाओं को लागू किया था। हालांकि, तालिबान के अधिग्रहण के बार इन परियोजनाओं की गति धीमी हुई है। उन्होंने कहा, अफगानिस्तान के साथ भारत की साझेदारी के तहत सभी 34 प्रांतों में जन-केंद्रित परियोजनाएं शामिल थीं, जिनका उद्देश्य अफगानिस्तान को आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाना था। हालांकि, बदले राजनीतिक परिदृश्य के कारण हमारी परियोजनाओं की गति धीमी हो गई। इसके बावजूद भारत ने अफगानिस्तान के लोगों की मदद के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भारत अफगानिस्तान में सुरक्षा स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहा है और अफगानिस्तान से संबंधित मुद्दों पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है।

**संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में काउंसलर प्रतीक माथुर ने कहा कि आज जब हम यूएनएससी सुधारों पर चर्चा करने के लिए मिल रहे हैं, तो पाकिस्तान के एक प्रतिनिधि ने फिर से जम्मू-कश्मीर का अनुचित संदर्भ दिया है।**